दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



मटका किंग का ट्रेलर ......

अफवाहों का दिया जोरदार जवाब ......

वर्ष : 12 | अंक : 106 | लखनऊ, 09 अप्रैल, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### रामपाल को 11 साल 4 महीने बाद मिली बेल



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को देशद्रोह के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को जमानत दे दी। 11 साल, 4 महीने और 20 दिन जेल में बिताने के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रामपाल को हिसार सेंट्रल जेल-2 से रिहा कर दिया जाएगा।

### गोवा कोर्ट ने लूथरा बंधुओं को दी जमानत



**पणजी।** गोवा के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नाइटक्लब लाइसेंस से जुड़े कथित एनओसी फर्जीवाड़ा मामले में सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जमानत दी। यह मामला उत्तरी गोवा के अर्पोरा स्थित चर्चित नाइटक्लब बर्च बाय रोमियो लेन से जुड़ा है, जहां शराब परोसने एक्साइज लाइसेंस हासिल करने में कथित रूप से अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए।

### कांग्रेस नेता मोहसिना का 94 उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** देश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने पुष्टि की है। किदवई काफी समय से बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने नोएडा के मेट्रो अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा उनका अंतिम संस्कार निजामुद्दीन स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

### अग्रिम जमानत को खेड़ा पहुंचे हाईकोर्ट



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट रुख किया है। वे सीएम हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी पर आरोप लगाने के बाद अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे। आरोप है कि खेड़ा ने सीएम के परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

---

### मोदी कैबिनेट ने 4 बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# अरुणाचल में 26,000 करोड़ से पूरा होगा हाइड्रो प्रोजेक्ट, इससे बिजली क्षमता बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए राशि को मंजूरी दी और उनके पूरा होने की समय सीमा भी निर्धारित की। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने अरुणाचल प्रदेश के कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में 1720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए 26,069.50 करोड़ के निवेश को मंजूरी दे दी है। इसको पूरा करने की अनुमानित अवधि 8 साल रखी गई है। यह परियोजना 8 गुणा 210 मेगावाट और 1 गुणा 40 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ 6870 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करेगी। इस प्रोजेक्ट से अरुणाचल प्रदेश में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी, पीक डिमांड मैनेजमेंट में मदद मिलेगी, राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन को समर्थन मिलेगा और ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अरुणाचल प्रदेश में अन्य प्रमुख जलविद्युत परियोजनाएं सुबनसिरी लोअर (2000 मेगावाट), दिबांग मल्टीपर्पज (2880 मेगावाट) निर्माणाधीन हैं, जबकि एटालिन (3097 मेगावाट) परियोजना प्रस्तावित है। इस परियोजना से कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक

**लोगों को लाभ**

**4,743.98** करोड़ बाढ़ नियंत्रण (फ्लड मॉडरेशन) के लिए देगी

**1,340** करोड़ बुनियादी ढांचे (सड़क, पुल, ट्रांसमिशन) के लिए देगी

**750** करोड़ राज्य की इक्विटी हिस्सेदारी के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में देगी

राज्य सरकार को इस परियोजना से 12फीसदी मुफ्त बिजली मिलेगी

अतिरिक्त 1 फीसदी राजस्व स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए निर्धारित होगा



किसानों को होगा फायदा

### खरीफ 2026 के लिए उर्वरक सब्सिडी को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडीदरों को मंजूरी दे दी है। खरीफ के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ होगी। यह पिछले बजट के मुकाबले करीब 4,317 करोड़ रुपए अधिक है। इससे किसानों को सब्सिडी के तहत सस्ती, किफायती और उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों को ध्यान में रखते हुए सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति तय करना है। सरकार किसानों को 28 प्रकार के पीएंड के उर्वरक (डीएपी सहित) सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराती है।

### जयपुर मेट्रो फेज-2 को भी दी मंजूरी 13,000 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 13,037 करोड़ रकी लागत से बनाई जाएगी और शहर की परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में बड़ा योगदान देगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति मिली।इस योजना के तहत 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ ई साउथ कॉरिडोर बनाया जाएगा, जो प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक जाएगा। इसमें कुल 36 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस प्रोजेक्ट को राजस्तान मेट्रो रेल लागू करेगा, जो केंद्र और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है।यह नया मेट्रो कॉरिडोर जयपुर के कई प्रमुख इलाकों को जोड़ेगा।

### राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 79,459 करोड़

केंद्र सरकार ने राजस्थान के बाड़मेर (बालोतरा) जिले के पचपदरा में बन रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट समिति ने इस परियोजना की लागत 43,129 करोड़ से बढ़ाकर 79,459 करोड़ करने की स्वीकृति दी है। इस परियोजना में एचपीसीएल अतिरिक्त 8,962 करोड़ का निवेश करेगी। इसके बाद कंपनी का कुल निवेश बढ़कर 19,600 करोड़ हो जाएगा। यह रिफाइनरी एक बड़ा और आधुनिक प्रोजेक्ट है, जिसमें पेट्रोलियम के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल उत्पाद भी बनाए जाएंगे।

---

### राहुल की नागरिकता विवाद

# हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड देखने से किया मना, सुनवाई 15 को

**ब्रिटेन की नागरिकता का आरोप**



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वह आरोपों की सच्चाई की जांच नहीं करेगा और न ही गृह मंत्रालय के रिकॉर्ड की पड़ताल करेगा। यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें लखनऊ ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया गया था। याचिकाकर्ता एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। उसने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने ब्रिटिश नागरिकता ली थी और इस संबंध में विभिन्न कानूनों के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय के विदेशी प्रभाग के अधिकारी 2019 में जारी नोटिस से संबंधित रिकॉर्ड लेकर अदालत में मौजूद थे।

### आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं

कोर्ट ने कहा कि यह न्यायालय आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करता है और न ही प्रस्तुत रिकॉर्ड का परीक्षण करेगा। इससे पहले एक अन्य पीठ ने इन रिकॉर्ड को देख लिया था और बाद में उन्हें वापस कर दिया था। मामले की पृष्ठभूमि 2015 की एक शिकायत है, जिसमें राहुल पर ब्रिटेन की नागरिकता रखने का आरोप लगाया गया। इसके आधार पर गृह मंत्रालय ने 2019 में उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि, लखनऊ कोर्ट ने इस वर्ष जनवरी में एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज की थी, जिसके खिलाफ अब हाइकोर्ट में चुनौती दी गई।

### केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेंगे

हाईकोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई जारी रखते हुए अगली तारीख 15 अप्रैल तय की। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि वह इस स्तर पर आरोपों की गहराई में जाने के बजाय केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। बाद में अदालत ने गृह मंत्रालय से संबंधित सभी रिकार्ड तलब किए थे, लेकिन मंगलवार को बेंच ने इन रिकार्ड को देखने से फिलहाल इनकार कर दिया। यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष अदालत में दायर की गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने 17 दिसंबर 2025 को लखनऊ ट्रांसफर किया था।

---

### गोवा सरकार को लगाई फटकार

# हाई कोर्ट ने शिवाजी की प्रतिमा को ध्वस्त करने का दिया आदेश

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



बॉम्बे हाई कोर्ट ने गोवा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने मोरमुगाओ बंदरगाह प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण रोकने में घोर लापरवाही हुई है। यह मामला वास्को के हेडलैंड साडा क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाए जाने से जुड़ा है। जिसकी अवैधता को लेकर बार-बार शिकायतें की गईं।जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित एस. जमसांदेकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एमपीए को सशस्त्र सुरक्षा उपलब्ध कराए, ताकि प्रतिमा को ध्वस्त किया जा सके और उस जंक्शन को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जा सके। कोर्ट ने राज्य के इस तर्क को खारिज कर दिया कि बंदरगाह को सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत उपायों तक ही सीमित रहना चाहिए या अपनी सीआईएसएफ सुरक्षा पर निर्भर रहना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य ने केवल एक मूकदर्शक की तरह काम किया है।

---

### उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली में वेटिंग की झंझट खत्म की

# अब यहां 'नो रूम' होते ही चलेगी 'क्लोन स्पेशल'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए 'क्लोन स्पेशल' ट्रेन चलाने का अहम निर्णय लिया है। प्रयागराज एक्सप्रेस और हमसफर जैसी ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलाई जाएगी ताकि यात्रियों को आसानी से कंफर्म टिकट मिल सके। यह ट्रेन नई दिल्ली के बजाय दादरी स्टेशन तक जाएगी, जिससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर कानपुर और अलीगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर भी रुकेगी।

### ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलेगी



**नई दिल्ली के बजाए दादरी रेलवे स्टेशन तक**

इससे यात्रियों को नई ट्रेन मिलेगी जिससे कंफर्म टिकट आसानी से मिल सकेंगे। इस क्लोन ट्रेन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसे नई दिल्ली के बजाय दादरी रेलवे स्टेशन तक चलाया जाएगा ताकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले यात्रियों को सीधा संपर्क मिल सके। इससे यात्रियों को आनंद विहार या नई दिल्ली उतरकर ट्रैफिक जाम में फंसने से भी राहत मिलेगी। इससे दलाली पर भी लगाम लग सकेगी।

**इन स्टेशनों पर रुकेगी**

इस ट्रेन से यात्री दादरी तक कम समय में पहुंच सकेंगे। इससे नई दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनों की भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। यह क्लोन ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस की तरह ही चलेगी। यह प्रयागराज से चलकर कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल और अलीगढ़ जैसे बड़े स्टेशनों पर रुकते हुए दादरी तक पहुंचेगी।

### यात्रियों को वेटिंग से मिलेगा छुटकारा

रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए मांग आधारित क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह निर्णय दिल्ली रूट की ट्रेनों में भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए लिया गया है। प्रयागराज एक्सप्रेस, हमसफर और रीवा एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट अक्सर 100-200 से ऊपर चली जाती है। इसे दूर करने रेलवे ने तय किया जैसे ही 'नो रूम' की स्थिति बनेगी तुरंत एक क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

---

# कृषि व खाद्य सुरक्षा मामले में आत्मनिर्भरता जरूरी : सीएम

### 2017 के पहले था अव्यवस्था-अविश्वास का दौर

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को छठे उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस में कहा कि वर्ष 2017 से पहले कृषि क्षेत्र अव्यवस्था, असंगठित व्यवस्था और किसानों के गहरे अविश्वास का प्रतीक बन गया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर प्रभावी खरीद नहीं हो पाती थी, क्रय केंद्र कमजोर और बिचौलिए हावी थे। किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में कठिनाई होती थी। गन्ना किसानों को भुगतान के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था, जिससे वे कर्ज के बोझ तले दबते चले जाते थे। वहीं 2017 के बाद सरकार ने कृषि को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी, तकनीक आधारित और किसान-केंद्रित नीतियां लागू कीं। किसान की लागत से डेढ़ गुना अधिक मूल्य पर एमएसपी खरीद सुनिश्चित की गई, डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान दिया गया। इससे किसानों में विश्वास बढ़ा और कृषि को एक लाभकारी एवं सम्मानजनक व्यवसाय के रूप में नई पहचान मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक हालातों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कृषि व खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, पेट्रोलियम उत्पादों की अनिश्चित उपलब्धता और उर्वरकों की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी परिस्थितियां यह संकेत देती हैं कि बाहरी निर्भरता देश के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती है। ऐसे समय में भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए अपनी पारंपरिक कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाना और आधुनिक तकनीक के साथ उसे जोड़ना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण की मजबूत व्यवस्था विकसित की जाए, तो न केवल वैश्विक संकटों का प्रभाव कम किया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय और देश की आर्थिक स्थिरता भी सुनिश्चित की जा सकती है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव (कृषि) रविंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत) विकास गुप्ता, इक्रीसैट हैदराबाद के महानिदेशक प्रो. हिमांशु पाठक, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## योगी ने वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को छठे उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना 2025-26 के अंतर्गत 15 वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। वहीं, वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान अकादमी के 30 वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक एवं नवाचार पर विचार-विमर्श भी हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई पुस्तिकों का विमोचन भी किया।

लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार से डॉ. सत्य प्रकाश, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, सब्जी विज्ञान विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को, विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार से डॉ. लोकेश कुमार गंगवार, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. अखिलेश चन्द्र मिश्रा, प्राध्यापक, सब्जी विज्ञान विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा को, पशुपालन, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के लिए प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार गंगवार, अध्यक्ष, पशु शल्य चिकित्सा एवं विकिरण विज्ञान विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, जैव प्रौद्योगिकी में डॉ. वैशाली, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, सामाजिक विज्ञान (कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, कृषि सांख्यिकी) में डॉ. कृष्ण कुमार सिंह, प्रभारी एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक प्राध्यापक(पादप प्रजनन), सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, नगीना, बिजनौर को, विशिष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए डॉ. श्वेता, सहायक प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार में कृषि विज्ञान के लिए डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन विभाग, वानिकी महाविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. मनीष पांडेय, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान), आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, कल्लीपुर, वाराणसी, पशुपालन, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के लिए डॉ. प्रमिला उमराव, सहायक प्राध्यापक, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, जैव प्रौद्योगिकी के लिए डॉ. विशाल चुग, सहायक प्राध्यापक, मौलिक एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, उद्यान महाविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, साामाजिक विज्ञान (कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, सांख्यिकी) के लिए डॉ. रूपन रघुवंशी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार), आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाराबंकी, उत्कृष्ट पीएच.डी. थीसिस पुरस्कार में कृषि विज्ञान के लिए डॉ. उत्कर्ष सिंह, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सब्जी एवं उद्यान विज्ञान के लिए डॉ. निमित सिंह, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सामाजिक विज्ञान कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, कृषि सांख्यिकी के लिए डॉ. संदीप कुमार, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या को सम्मानित किया गया।

### इन वैज्ञानिक, संस्थान व स्टार्टअप को मिला पुरस्कार

- लैंडस्केप रीस्टोरेशन लीडरशिप अवॉर्ड-डॉ रमेश सिंह, थीम लीडर, इक्रीसेट, हैदराबाद को झांसी जिले के टहरौली क्लस्टर में उपकार के साथ उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार, उत्कृष्ट कृषि पुरस्कार विज्ञान संस्थान / कृषि विश्वविद्यालय पुरस्कार के लिए रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, यूपी एग्री स्टार्टअप पुरस्कार के लिए ड्रोनटेक लैब, नोएडा, गरिमा डी-हाईड्रेटेड फूड एल.एल.पी., मेरठ, ग्रीनॉक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा, श्रीदेश आर्गेनिक फार्म, बागपत, वेलविद इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा तथा उत्कृष्टता प्रणामपत्र सुरेश कुमार गुप्ता को मिला। इनकी हापुड़ में 121 वर्ष पुरानी गोशाला है। वहां यह उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

## अवैध असलहे के साथ गद्दी गैंग का सदस्य गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा पुलिस ने मंगलवार देर रात कार्रवाई करते हुए गद्दी गैंग के एक सक्रिय सदस्य को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के अनुसार, दुबग्गा क्षेत्र स्थित एक कैफे के बाहर जन्मदिन पार्टी के दौरान मारपीट और विधि के छात्र नोमान पर जानलेवा हमला करने की घटना में गद्दी गैंग के दबंगों का नाम सामने आया था। इस घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने मंगलवार रात शाहपुर भमरौली निवासी मो. साहिल (19) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी साहिल आपराधिक प्रवृत्ति का है और क्षेत्र में भय का माहौल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## साइबर ठगों ने युवक के बैंक खाते से मिनटों में 73,927 रुपए कर दिया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को बिजनौर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने कुछ ही मिनटों में 73,927 रुपये पार कर दिए। बिजनौर के नटकुर निवासी रितिक पुत्र छेदा लाल के मुताबिक उसका खाता बैंक ऑफ इंडिया की सरोजनी नगर शाखा में है। रितिक का कहना है कि बुधवार सुबह करीब 9:04 बजे उसके खाते से वढक के माध्यम से किसी अज्ञात ने 49,200 रुपये निकाल लिए। इसके तुरंत बाद 9:05 बजे दूसरे ट्रांजेक्शन में 24,727 रुपये और निकाल लिए गए। पीड़ित का कहना है कि इस प्रकार उसके खाते से कुल 73,927 रुपये अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए और उसने आनन फानन बिजनौर थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर दी। पीड़ित का कहना है कि उसने इस प्रकार के कोई भी ट्रांजेक्शन नहीं किये हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्णय का स्वागत - सरोजनीनगर बना महापुरुष सम्मान मॉडलः डॉ. राजेश्वर सिंह

**महापुरुष सम्मान मॉडल जमीन पर उतारने की दिशा में सरोजनीनगर बना उदाहरण : डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं के उन्नयन एवं सम्मान के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समरसता, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से इसी भावना के साथ व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पिछले एक वर्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 20 से अधिक प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन किया गया है, जिससे सामाजिक सम्मान और जागरूकता को नई दिशा मिली है। साथ ही, सरोजनीनगर में महाराजा बिजली पासी किला के पुनरुद्धार का मेगा प्रोजेक्ट भी तेजी से प्रगति पर है, जो क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करते हुए आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगा। डॉ. सिंह ने बताया किः सरोजनीनगर आज प्रदेश में महापुरुषों के सम्मान, उनकी विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### क्षेत्र में स्थापित एवं विकसित प्रमुख स्थलः

भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा

पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा

पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कल्याण सिंह जी की प्रतिमा

भव्य गुरु नानक द्वार का निर्माण

### शीघ्र स्थापित होने वाले प्रमुख स्मारकः

महाराणा प्रताप द्वार

रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा

वीरांगना अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा

उदा देवी पासी जी की प्रतिमा

### डॉ. सिंह ने कहाः

महापुरुष किसी एक वर्ग के नहीं होते, वे पूरे राष्ट्र की प्रेरणा होते हैं। उनका सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह पहल पूरे उत्तर प्रदेश में एक जनआंदोलन का रूप लेगी और समाज को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए एकता और प्रेरणा का संदेश देगी।

# पारंपरिक तरीके से ही मनेगी अंबेडकर जयंती, अरुण कुमार त्रिगुणायक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर रहीमाबाद थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम आयोजकों, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अंबेडकर जयंती पारंपरिक तरीके से ही मनाई जाएगी। बिना अनुमति किसी भी नए या गैर-पारंपरिक कार्यक्रम के आयोजन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने जुलूस, डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर शासन द्वारा तय नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर ने कहा कि जयंती की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन ने आयोजकों की समस्याएं और सुझाव भी सुने, हालांकि किसी ने कोई विशेष मुद्दा नहीं उठाया। आयोजकों ने भरोसा दिलाया कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण और पारंपरिक ढंग से जयंती मनाएंगे।



आयोजकों को जानकारी देते – इंस्पेक्टर

# पीजीआई थाने का निरीक्षण, एसीपी ने दिए सख्त निर्देश



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोसाईंगंज के सहायक पुलिस आयुक्त ऋषभ यादव ने बुधवार को पीजीआई थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान थाने की व्यवस्थाओं को परखा गया और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात समेत अभिलेखों की जांच की गई। एसीपी ने साफ-सफाई और रिकॉर्ड मेंटेनेंस को दुरुस्त रखने पर जोर देते हुए कहा कि सभी अभिलेख अद्यतन होने चाहिए। एसीपी ऋषभ यादव ने अपराध रजिस्टर की समीक्षा की और शस्त्रों का मिलान कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि अपराध से जुड़े मामलों का नियमित अपडेट रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों और सक्रिय अपराधियों का सत्यापन कराने, रात्रि गश्त बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही फरियादियों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के अंत में एसीपी ने पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम के अमर रचयिता बंकिम चंद्र की रचनाएं आज भी जगाती हैं राष्ट्रभक्ति की अलख - केशव प्रसाद मौर्य

**राष्ट्रगीत वंदे मातरम के अमर रचयिता को श्रद्धांजलि, उप मुख्यमंत्री ने किया नमन**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर महान साहित्यकार एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम के अमर रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं आज भी जन-जन में देशप्रेम, स्वाभिमान एवं राष्ट्रीय चेतना की भावना को जागृत करती हैं। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र जी एक महान साहित्यकार, उपन्यासकार, निबंधकार एवं समाज सुधारक थे, जिन्हें आधुनिक बांग्ला साहित्य का जनक माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि उनका लिखा हुआ वंदे मातरम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति की अलख जगाने का सशक्त माध्यम बना। यह गीत आज भी हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रज्ज्वलित करता है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा उनकी स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिससे नई पीढ़ी को उनके योगदान एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि वंदे मातरम माँ भारती के प्रति अटूट प्रेम, बलिदान और आत्मसम्मान का ऐसा मंत्र है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महान क्रांतिकारियों को राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित किया और आज भी हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की भावना को बलवती बनाता है। कहा कि श्रद्धेय बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को वन्दे मातरम के रूप में राष्ट्रभक्ति का स्वर देकर एकजुट किया तथा उनकी प्रसिद्ध कृति आनंदमठ ने जन-जन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने का कार्य किया।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**सघन अभियान चला कर अवैध अतिक्रमण को पुलिस ने हटवाया**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के नेतृत्व में सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने पुलिस बल के साथ कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के आसपास कार्रवाई की। अभियान के दौरान कानपुर रोड पर किए चाट बताशा, जूस आदि के ठेले की दुकानें लगाकर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिली। पुलिस टीम ने सड़क किनारे बांस के टट्टर लगाकर अस्थायी दुकानें और अवैध कब्जों को हटाकर रोड को साफ कराया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ट्रांसपोर्ट नगर, अमौसी मेट्रो स्टेशन और बदाली खेड़ा क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और आम जनता को सुरक्षित एवं सुगम यातायात का लाभ मिल सके। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटने से आवागमन में काफी सहूलियत हुई है।



# दूध उत्पादन में दूसरे राज्यों के मुकाबले यूपी नंबर वन

- **40 फीसदी दुग्ध उत्पादन बढ़ा, अकेले यूपी की 16 फीसदी हिस्सेदारी**
- **ग्रामीण क्षेत्रों में पांच कंपनियों के जरिए जुड़ीं चार लाख महिला किसान**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहले की तुलना में 40 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन बढ़ गया है। यही नहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यूपी सबसे सशक्त बनकर उभरा है।

देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की 54 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश का योगदान 16 फीसदी तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा प्रदेश की बढ़ती ताकत और मजबूत डेयरी संरचना का स्पष्ट उदाहरण है। सीएम योगी के कार्यकाल में दुग्ध उत्पादन में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है। वर्ष 2016-17 में जहां उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंच गया है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि करीब 40 प्रतिशत की यह वृद्धि प्रदेश में योजनाबद्ध विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जमीनी स्तर पर किए गए ठोस प्रयासों का परिणाम है। इस दुग्ध क्रांति की बड़ी ताकत ग्रामीण महिलाएं बनीं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं डेयरी गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रदेश के 31 जिलों में महिला समूह प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रहे हैं और करीब 5000 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुके हैं।

प्रदेश में पांच प्रमुख दुग्ध उत्पादक कंपनियों के जरिए करीब चार लाख महिला किसान जुड़ीं हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। फरवरी 2026 तक इन कंपनियों का कुल कारोबार पांच हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बुंदेलखंड क्षेत्र में बलिनी एमपीसीएल, पूर्वांचल में काशी एमपीसीएल, अवध क्षेत्र में सामर्थ्य एमपीसीएल, गोरखपुर मंडल में श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीसीएल, तराई क्षेत्र में सृजन एमपीसीएल से जुड़कर महिलाएं रिकॉर्ड बना रही हैं।

# मोहसिना किदवई का निधन एक युग का अंत

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही मोहसिना किदवई के निधन पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व. मोहसिना किदवई को पुष्पाजंलि अर्पित की।

मोहसिना किदवई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मोहसिना किदवई का राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में ही नेहरू भवन कांग्रेस का अपना कार्यालय बन पाया और उसके उपरांत अभी कुछ दिनों पहले ही उन्होंने पॉवर ऑफ अटर्नी पर हस्ताक्षर करके नेहरू भवन को अध्यक्ष उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के नाम करने का मार्ग प्रशस्त किया। श्री राय ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में हमेशा जनसेवा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य किया। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा और उनका आदर्श हम सभी के लिए मार्गदर्शक बना रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अखिलेश प्रताप सिंह, पप्पू चौधरी, निवर्तमान प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, सचिन रावत, डा. अमित राय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, ओंकारनाथ सिंह, अनुसुईया शर्मा, आरपी सिंह, साबरा खातून आदि शोक सभा उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. मोहसिना किदवई को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेम पोर्टल पर उत्तर प्रदेश की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए क्रय एवं 26 नवंबर 2024 को जारी की गई जेम क्रय नीति की बुधवार को समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की जेम क्रय नीति की सराहना की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि केंद्र सरकार ने इसे आदर्श नीति घोषित करते हुए अन्य प्रदेशों को भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू करने को कहा। इस नीति से शासकीय क्रय में शुचिता, पारदर्शिता व समावेशिता में भारी वृद्धि हुई, जिससे प्रदेश सरकार को निरंतर आर्थिक व सामाजिक लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 22,337 करोड़ की खरीद जेम पोर्टल की ओर से की गई, जो सरकार की पारदर्शी नीति को प्रमाणित करती है। उत्तर प्रदेश की खरीद में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का योगदान 43 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। इस बढ़ोतरी में उत्तर प्रदेश आधारित सूक्ष्म व लघु उद्योग का योगदान 82 प्रतिशत पाया गया है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जेम पोर्टल के रिवर्स ऑक्शन पद्धति की ओर से 9700 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई। इसके साथ ही महिला उद्यमियों के व्यवसाय में 44 प्रतिशत, एससी- एसटी उद्यमियों के व्यवसाय में 48 प्रतिशत एवं स्टार्टअप उद्यमियों के व्यवसाय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस पारदर्शी प्रक्रिया के कारण शासकीय क्रय प्रक्रियाओं में शिकायतों में भी 80 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई, जिससे क्रय प्रक्रिया त्वरित एवं प्रभावी हो सकी।

## सांस्कृतिक पुनरुद्धार से होगा ग्रेटर आगरा का नवनिर्माण

**लखनऊ/आगरा।** पर्यटन नगरी आगरा अब केवल अपने ऐतिहासिक स्मारकों के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुद्धार और आधुनिक शहरी विकास के संगम के रूप में नई पहचान बनाने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर विकसित हो रहे ग्रेटर आगरा में सांस्कृतिक पुनरुद्धार के जरिए नवनिर्माण की अनूठी अवधारणा को केंद्र में रखा गया है, जहां सिंधु से लेकर कावेरी तक 10 पवित्र नदियों के नाम पर टाउनशिप बसाई जाएंगी। सबसे खास बात ये है कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने में भी ग्रेटर आगरा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह परियोजना संतुलित क्षेत्रीय विकास के विजन के अनुरूप एक नए शहरी केंद्र के रूप में उभरेगी। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम रायपुर और रहनकलां में लगभग 450 हेक्टेयर क्षेत्र में यह महत्वाकांक्षी परियोजना विकसित की जा रही है। करीब 5142 करोड़ रुपए की लागत वाली यह योजना आगरा को एक आधुनिक, योजनाबद्ध और बहुआयामी शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रेटर आगरा की सबसे बड़ी खासियत इसका सांस्कृतिक दृष्टिकोण है। यहां विकसित की जा रही 10 टाउनशिप सिंधुपुरम, गोमतीपुरम, गंगापुरम, यमुनापुरम, बेतवापुरम, महानदीपुरम, नर्मदापुरम, गोदावरीपुरम, कृष्णापुरम और कावेरीपुरम भारतीय सभ्यता की पवित्र नदियों के नाम पर बसाई जा रहीं हैं। यह पहल न केवल भारतीय संस्कृति को सम्मान देती है, बल्कि शहर के विकास को एक नई पहचान भी प्रदान करती है। इन टाउनशिप में लगभग 1.5 लाख लोगों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं विकसित की जा रहीं हैं। कुल 4712 भूखंडों में आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, कमर्शियल और मिश्रित उपयोग के प्लॉट शामिल हैं। यहां स्कूल, अस्पताल, कम्युनिटी सेंटर, होटल, बैंक, डाकघर, पुलिस चौकी और फायर स्टेशन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सके।

# अखिलेश की नीयत में संविधान के प्रति सम्मान नहीं : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह वक्तव्य न केवल लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विरुद्ध है, बल्कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी है।

पंकज चौधरी ने कहा कि आजकल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष को संविधान की याद कुछ ज्यादा ही आ रही है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उनकी नीयत में संविधान के प्रति सम्मान नहीं, बल्कि सिर्फ सत्ता प्राप्ति की बेचैनी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब समाजवादी पार्टी को जनता का समर्थन नहीं मिलता, तब-तब वह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर अपनी राजनीतिक हताशा को छिपाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव जीतें तो व्यवस्था अच्छी और जब हार जाएं तो चुनाव आयोग खराब, यह दोहरा चरित्र अब प्रदेश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। जनता ऐसे अवसरवादी और सुविधानुसार बदलने वाले राजनीतिक आचरण को स्वीकार करने वाली नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष की वर्तमान भाषा और राजनीतिक व्यवहार यह दशार्ता है कि वे अपनी खिसकती हुई राजनीतिक जमीन से अत्यंत परेशान हैं। अपने सहयोगियों की पराजय और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर व्याप्त असुरक्षा के कारण अब वे राष्ट्र, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को भी कटघरे में खड़ा करने से नहीं हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर संविधान की दुहाई देना और दूसरी ओर चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों एवं जांच एजेंसियों जैसी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाना, समाजवादी पार्टी की अराजक मानसिकता को उजागर करता है। यह वही राजनीति है, जिसने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की बजाय परिवारवाद, तुष्टिकरण और सत्ता-स्वार्थ को प्राथमिकता दी।

पंकज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जिस परिवारवादी सियासत के महल में बैठकर राजनीति कर रही है, उसकी नींव अब प्रदेश की जनता के बीच कमजोर पड़ चुकी है। उत्तर प्रदेश की जनता अब विकास, सुशासन, सुरक्षा और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है और भ्रम, प्रपंच तथा संस्थाओं के अपमान की राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है।

# मतदाताओं के वोट काटने की हो रही साजिश : अखिलेश

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। मतदाताओं के वोट काटने की साजिश हो रही है। मतदाताओं का वोट काटकर भय पैदा किया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के पीडीए प्रहरियों ने फर्जी दस्तखत से वोट कटवाने वालों को पकड़ा लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को कानपुर के एक दिवसीय दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर कानपुर को अपनी पहचान दिलाने क लिए कानपुर-इटावा-कन्नौज को टेज्ड ट्राइंगल के रूप में विकसित किया जाएगा। कानपुर की लाल इमली कारखाना को चलाया जाएगा। लाल इमली कारखाना, लाल टोपी वाले ही चला सकते है। हम कानपुर के विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने कानपुर में विकास के बहुत काम किये थे। कानपुर में मेट्रो रेल बनाया। पनकी में बिजली कारखाना, घाटमपुर में निवेली लिग्निाइट बिजली कारखाना, अमूल प्लांट समेत कई कारखाने समाजवादी सरकार ने दिये हैं। ये सब कारखाने समाजवादी सरकार की औद्योगिक नीति के तहत आये थे।

श्री यादव ने कहा कि कानपुर रोजगार उद्योग, कारखानों, रिसर्च के मामले आगे हैं। समाजवादी इसे और आगे ले जाएगी। कानपुर में नदियों का बुरा हाल है। भाजपा सरकार ने नदियों में गंदगी और ज्यादा फैला दी है। भाजपा सरकार ने नदियों की सफाई का झूठा वादा किया था। नदियों की सफाई का आया बजट का बंदरबांट हो गया। नदियों की सफाई नहीं हुई। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे समेत प्रदेश की कई सड़कें ऐसी है जो उद्घाटन के साथ ही उखड़ और धंस गयी।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में शिक्षामित्रों को 40 हजार रुपये वेतन मिलता था। इस सरकार ने नौ साल तक शिक्षामित्रों को धोखा दिया है। अब मानदेय बढ़ाया तो भी समाजवादी सरकार से 22 हजार रुपए कम है।

## संक्षेप

### किशोरी हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में एक युवक गांव की ही नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया तमाम खोजबीन के बाद भी पता ना चलने पर नगदी जेवर सहित लांखो का मॉल ले जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते एक अप्रैल को वह घर के बाहर था तभी दोपहर बाद करीब एक बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर कही भगा ले गया पीड़ित ने कहा है इस दौरान वह साथ में डेढ़ लांख की नगदी 500 ग्राम चांदी व एक तोला सोना भी साथ लेकर गई है इस दौरान पिता ने आरोपी युवक के परिजनों से बात की तो उन्होंने पांच दिन का समय मांगा किंतु लगभग एक हफ्ता गुजर जाने के बाद भी पुत्री का कुछ सुराग नहीं चल पाया तो पिता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### चूल्हे पर रखी गर्म कढाही में गिरने से मासूम झुलसी

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के डीहा गांव में एक तीन वर्षीय बच्ची चूल्हे पर रखी गर्म कढ़ाही में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। बच्ची को गंभीर हालत में मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे हुई। गांव डीहा निवासी सुरेंद्र की पत्नी रजनी अपने घर के किचन में खाना बना रही थीं। उनकी तीन वर्षीय बेटी आरोही किचन में ही अपनी मां के पास खेल रही थी। इसी दौरान रजनी किसी काम से किचन से बाहर चली गईं। तभी खेलते हुए आरोही अचानक चूल्हे पर रखी कढ़ाही में गिर गई। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल आरोही को उसके पिता सुरेंद्र ने अपने निजी वाहन से दोपहर करीब तीन बजे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर उमर फारूक की टीम बच्ची का उपचार कर रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बीती रात युवक ने घर के अन्दर कमरें में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी है। परिजनों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंडीगढी की है। जहां बीती मंगलवार की देर रात कृपा शंकर उर्फ कल्लू पुत्र राम रतन लोधी खाना पीना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। वहीं पत्नी देश वती दरवाजे बरामदे के निचे सो गयी। प्रातः दरवाजा न खोलने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया परन्तु कोई आवाज न आई। तत्पश्चात परिजनों ने कमरें का जिंगला तोड़ अन्दर जाकर दरवाजा खोला। जहां शरिया में शव लटका देखा कर स्वजनों ने पुलिस को दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कब्जे में लेकर पंचनामा भर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# सम्मान समारोह में 20 महिला कर्मियों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ह्लमिशन शक्तिह्व विशेष अभियान फेज-5.0 (चरण द्वितीय) के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन सभागार में ह्लहक की बात जिलाधिकारी के साथह्व (मेगा इवेंट) एवं ह्लशक्ति संवादह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 19 मार्च से चल रहे 30 दिवसीय अभियान की कड़ी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की लगभग 70 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बालिकाओं ने प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज के समक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद एवं करियर से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा अपने अधिकारों




के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में ह्लसम्मान समारोहह्व आयोजित किया गया, जिसमें जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न विभागों की 20 महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जिला विकास अधिकारी द्वारा पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा महिला कल्याण विभाग से जुड़ी महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक पंकज गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पुरवा शालिनी तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण), जिला पर्यटन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन बिन्नी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आईं लगभग 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, सुपरवाइजरों, ह्लहब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेनह्व एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा समाज में उनकी सहभागिता को सशक्त बनाना रहा। आयोजन के माध्यम से बालिकाओं को अपनी बात रखने का मंच मिला, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर अन्य लोगों को भी प्रेरणा दी गई। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा गया।

# एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा 'अग्निसचेतकों' (फायर वॉलंटियर्स) के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार एवं महानिदेशक अग्निशमन सेवा के निर्देशों के क्रम में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए अग्निसचेतकों को आग लगने की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने के शुरूआती 5 से 10 मिनट 'गोल्डन टाइम' कहलाते हैं और ये बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में स्थानीय स्तर पर उठाए गए सही कदम बड़ी दुर्घटनाओं और जनहानि को रोक



सकते हैं।प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने आधुनिक उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। इसमें फायर एक्सटिंगुइशर के विभिन्न प्रकार, होज पाइप, पंपिंग सेट तथा अन्य अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को स्वयं उपकरण चलाने का अभ्यास कराया गया, जिससे वे आपातकालीन स्थिति में बिना घबराए तुरंत कार्रवाई कर सकें।इसके अतिरिक्त, ठोस पदार्थ, ज्वलनशील तरल, गैस और विद्युत से लगने वाली आग के विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रत्येक प्रकार की आग बुझाने के अलग-अलग तरीकों और सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर अग्निसचेतकों को जागरूक किया गया।शिविर में भीड़ नियंत्रण और सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन प्लान) पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने समझाया कि आग लगने की स्थिति में भगदड़ सबसे बड़ा खतरा होती है, इसलिए लोगों को शांत रखते हुए व्यवस्थित तरीके से बाहर निकालना आवश्यक है।अपने संबोधन में, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि अग्निसचेतक समाज और अग्निशमन विभाग के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करते हैं। ग्रामीण और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उनकी भूमिका जीवन रक्षक के समान है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# लगातार हो रही बारिश व आंधी ने तोड़ दी किसानों की कमर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र मे जहाँ पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश और आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गरज-चमक के साथ हो रही बारिश से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। पिछले तीन दिनों से मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज हवाओं और बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया है। कई स्थानों पर कटी हुई फसल भी खेतों में भीगकर खराब हो रही है। सरसों, चना और अन्य रबी फसलों को भी



भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। कटाई और मड़ाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। किसानों ने बताया कि तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है, हमारी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अब समझ नहीं आ रहा क्या करें। किसानों का कहना है कि यह समय उनकी साल भर की मेहनत का होता है, लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। एक ओर जहां इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए यह भारी मुसीबत बना है।

# महिला जागरूकता चौपाल, मिशन शक्ति फेज-5 के तहत हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत थाना सदर कोतवाली एवं महिला थाना की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र के दोस्तीनगर चौकी अंतर्गत ग्राम सभा में महिला जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना कोतवाली से आरक्षी दीपक चौरसिया, आरक्षी आराधना, आरक्षी लक्ष्मी चौधरी तथा महिला थाना से प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, महिला आरक्षी मोना त्रिपाठी और महिला आरक्षी मंजू मौजूद रहीं। इसके अलावा प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र डॉ. आशीष श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान राधा एवं प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण भी किया गया। महिला आरक्षियों ने पंपलेट बांटकर महिलाओं को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया, जिनके समाधान के लिए ग्राम प्रधान ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना और डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने महिलाओं को सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी पहलुओं पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह जागरूकता चौपाल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय और प्रभावी पहल साबित हुई।

# नामित सभासदों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत सफीपुर कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासन द्वारा नामित सभासदों को उपजिलाधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने शासन द्वारा नामित सभासदों में श्रीकृष्ण लोधी, अनूप अवस्थी और रंजीत बसु को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा बाजपेई व उनके प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा लिपिक होरीलाल सहित नगर पंचायत के अन्य सभासद भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल गरिमामय और उत्साहपूर्ण रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे नगर के विकास और जनहित में कार्य करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर विधायक बंबा



लाल दिवाकर ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे पारदर्शिता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नगर के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# पुलिस का बड़ा एक्शनः दो शातिर चोर गिरफ्तार, भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के थाना मौरावां क्षेत्र में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान भी बरामद किया है, जिससे क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण में मौरावां पुलिस लगातार सक्रिय थी। इसी क्रम में 8 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोतेश्वर तिराहे के पास बस स्टॉप के निकट घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का माल बरामद




हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आलम (21 वर्ष) और सलमान उर्फ शाहआलम (19 वर्ष) निवासी शंकर नगर, थाना बीघापुर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं और इलाके में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। बरामद सामान में करीब तीन दर्जन लाइफबॉय साबुन, तीन दर्जन लक्स साबुन, 12 नौ रतन पाउच, 10 चॉकलेट, 5 टूथब्रश, चावल, सरसों का तेल, एक बैटरी और 850 रुपये नकद शामिल हैं। खास बात यह है कि गिरफ्तार आरोपी सलमान उर्फ शाहआलम का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से ही कई थानों में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं, जिससे साफ है कि वह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, इस गिरफ्तारी से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव और कांस्टेबल कपिल मावी की अहम भूमिका रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर बिठूर मार्ग पर गंगा पुल पर बाईक चालक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की मौत हो गयीपरियर चौकी क्षेत्र राकेश 55 वर्ष पुत्र रघुराज निवासी सदमपुर सब्जी बेच कर बाइक से घर वापस जा रहे थे तभी गंगा पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाईक चालक ज़ख्मी हो गया सुचना पर पहुंचे अनिल कुमार राजपूत ने गाड़ी के नम्बर से पहचान कर परिजनों को सुचना दी मोके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत उपचार के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल मे भारती कराया जहाँ उसकी मौत हो गयी मौत की खबर सुनते ही घर मे कोहराम मच, मृतक की पत्नी का नाम अनीता, व बच्चों के नाम संगीता, विनीता,



गीता, सोनम, आशीष, मनीष थे जिसमे दो लड़कियों की शादी हो गयी है।

# तेज आंधी में सूखा पेड़ किसान पर गिरा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में तेज आंधी के दौरान एक हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम पहली खेड़ा, ग्राम सभा डीह निवासी 65 वर्षीय किसान सूर्य नारायण यादव की सूखे पेड़ के गिरने से मृत्यु हो गई। इस घटना से गांव में दुख का माहौल है।सूर्य नारायण यादव पुत्र श्री किशन यादव बीती देर



शाम अपने खेतों पर कृषि कार्य करने गए थे। देर शाम वह खेत से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी चलने लगी। जब वह गांव के पास पहुंचे थे, तभी रास्ते के किनारे खड़ा एक सूखा और जर्जर पेड़ तेज हवाओं के कारण अचानक उन पर गिर पड़ा।पेड़ गिरने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से घायल सूर्य नारायण यादव को तत्काल जिला अस्पताल उन्नाव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक सूर्य नारायण यादव के परिवार में उनकी पत्नी चंद्रावती, दो बेटे हरी शंकर और सुकेश यादव, तथा बेटियां अनीता और पुष्पा हैं। परिवार में एक और बेटी मिथिलेश यादव का नाम भी बताया गया है। उनकी एक बेटी का पहले ही निधन हो चुका है। सूर्य नारायण यादव एक मेहनती किसान थे और खेती से ही अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार के सामने आर्थिक चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। देर रात परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां परिवार में मातम का माहौल था। गांव के लोगों ने बताया कि आंधी के दौरान कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं हुईं, जिससे खतरा बना रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव और सड़कों के किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों को जल्द हटवाया जाए।

# भीषण सड़क हादसाः दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में पुरवा-मौरावां मार्ग पर दरोगा खेड़ा के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया।आमने-सामने से दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, हादसे में संदीप (23) पुत्र विनोद निवासी ग्राम धुंधपुर थाना अजगैन और शिव शंकर (24) पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम गजाखेड़ा थाना अजगैन की घटनास्थल पर ही जान चली गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए।वहीं हादसे में अंशु और प्रेम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। दही थाना पुलिस ने तत्काल पहुंचकर




घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

## कमरे में तमंचे से किया फायर, परिवार में विवाद के बाद किया सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , एक 35 वर्षीय युवक ने परिवारिक विवाद के बाद अपने कमरे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामवीर वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सदर बाजार थाना क्षेत्र के रोशन नगर में हुई। 35 वर्षीय रामवीर वर्मा अपनी पत्नी शिवानी, 6 वर्षीय बेटी आरुषि और 4 वर्षीय बेटे प्रिंस के साथ रहते थे। वह खेतीबाड़ी और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार, बीती रात रामवीर का परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर रामवीर अपने कमरे में चले गए और तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य कमरे



में पहुंचे, जहां रामवीर का शव खून से लथपथ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद कुछ रिश्तेदारों ने बताया कि रामवीर के पिता मानसिक रूप से परेशान रहते थे। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे मृतक के सीधे परिवार से नहीं हैं और परिवार में किस बात पर विवाद हुआ था, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

# शिक्षक से समीक्षा अधिकारी बने अंजनी कुमार सिंह, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर समीक्षा अधिकारी (फड) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके चयन से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

तेजवापुर विकासखंड के ग्राम टेंडवा बसंतापुर निवासी बजरंग सिंह के पुत्र अंजनी कुमार सिंह की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय टेंडवा बसंतापुर तथा उच्च प्राथमिक शिक्षा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेडनापुर से हुई। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई सीएमएस स्कूल बहराइच और इंटरमीडिएट रवींद्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज, बहराइच से पूरी की।उच्च



शिक्षा में उन्होंने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी से बी.फार्मा और डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ से एम.फार्मा की डिग्री हासिल की। इसके बाद बीटीसी की पढ़ाई अयोध्या से पूर्ण कर शिक्षक बने और नौकरी के साथ-साथ स्वाध्याय के जरिए सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। पूर्व में उनका चयन चकबंदी लेखपाल पद पर भी हो चुका है। उनकी सफलता में उनके चाचा छेदी सिंह, जो पूर्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय बेडनापुर के प्रधानाध्यापक रह चुके हैं, का विशेष मार्गदर्शन रहा। अंजनी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व और प्रेरणा का माहौल है।

## सम्पादकीय

# विकास चौपट कर रही 'राजनीतिक रेवड़ियां'

देश की राजनीति में 'फ्रीबीज' या 'रेवड़ी संस्कृति' अब चुनावी रणनीति का सबसे आसान और लोकप्रिय हथियार बन चुकी है। चुनाव आते ही मुफ्त राशन, नकद सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी और तमाम तरह की घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। पहली नजर में ये योजनाएं आम जनता को राहत देने वाली लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो यही रेवड़ियां राज्यों के आर्थिक ढांचे को भीतर से खोखला कर विकास को चौपट कर रही हैं। असल समस्या यह है कि घोषणाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन राज्यों की कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। नतीजा बजट का संतुलन बिगड़ रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विकास कार्यों के लिए पैसा ही नहीं बच रहा। सड़कों, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर खर्च घटाया जा रहा है, ताकि चुनावी वादों को किसी तरह निभाया जा सके। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है, जहां नकदी संकट इतना गहरा गया कि सरकार को वेतन और पेंशन तक टालनी पड़ी। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय का संकेत है। अगर यही रुझान जारी रहा, तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई योजनाएं अधर में लटकी हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं के चलते कर्ज का अनुपात तेजी से बढ़ा है। महाराष्ट्र जैसे अपेक्षाकृत मजबूत राज्य को भी दबाव में आकर कुछ योजनाएं बंद करनी पड़ीं। पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात और भी गंभीर हैं। यहां चुनावी घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जब किसी राज्य की कमाई का इतना बड़ा हिस्सा केवल मुफ्त योजनाओं में खर्च हो जाए, तो विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? यही वजह है कि कई राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स धीमे पड़ रहे हैं या रुक गए हैं। यह भी समझना जरूरी है कि मुफ्त योजनाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं। समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब ये योजनाएं आर्थिक मजबूती के बजाय केवल चुनावी लाभ के लिए बनाई जाती हैं। बिना दीर्घकालिक योजना और वित्तीय अनुशासन के चलाई गई योजनाएं अंततः राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाती हैं। कैश ट्रांसफर योजनाएं विशेष रूप से चिंता का विषय हैं। ये योजनाएं तुरंत राहत तो देती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हैं। इनसे न तो रोजगार पैदा होता है और न ही उत्पादन बढ़ता है। उल्टा, ये सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर देती हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भविष्य में कुछ राज्यों के डिफॉल्ट होने का खतरा भी पैदा हो सकता है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, सरकारों को लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक विकास पर ध्यान देना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ही असली विकास का आधार है। इसके साथ ही, वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करना होगा और हर योजना के लिए स्पष्ट संसाधन सुनिश्चित करने होंगे। जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल मुफ्त सुविधाओं के लालच में वोट देने के बजाय, उन्हें यह देखना होगा कि कौन सी नीतियां उनके भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो राज्यों की आर्थिक सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा और विकास केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएगा।



दिवस विशेष

शिवप्रकाश

# भारत की आकांक्षा पर खरी उतरी भाजपा

> मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य है।

मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य होगा।

14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्यों, सर्वाधिक सांसदों- विधायको एवं पंचायत-स्थानीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों वाली पार्टी, देश के बड़े हिस्से पर सत्ता के माध्यम से देश की सेवा कर रही है। राष्ट्र प्रथम के भाव से प्रेरित असंख्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, कुशल एवं लोकप्रिय नेतृत्व, गरीब कल्याण की योजनाओं एवं स्पष्ट नीति के कारण भाजपा 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षा पूर्ति का माध्यम बनी है। प्रथम संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी से प्रारंभ होकर 11 अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया है। 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन वर्तमान में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का परिणाम है कि उसने प्रदेशों एवं देश को ऐसा नेतृत्व प्रदान किया, जो राजनीतिक आकाश में नक्षत्र के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता स्थापित हुए हैं। स्वतंत्रता के पश्चात राजनीतिक क्षेत्र में विचारधारा के आधार पर अनेक राजनीतिक दल सक्रिय हुए थे। आज के परिदृश्य में विचार की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले दलों का येन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्ति ही केवल एक विचार रह गया है। कांग्रेस सहित अनेक दल अब वामपंथी विचार पोषित अर्बन नक्सलवाद के शिकंजे में ही फंस गए हैं। कुछ राजनीतिक दल एवं नेता जहां वैचारिक दिवालियापन का शिकार है, वहीं भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अदम्य साहस एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्थापित एवं भारतीय जनसंघ के समय से स्वीकृत विचार को लेकर सक्रिय है। यह विचार भारत सहित संपूर्ण विश्व में अंगीकृत हो रहा है। भाजपा के इस वैशिष्ट्य के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि "हम राजनीतिक क्षेत्र में संगठन आधारित दल, हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित एवं कार्यकर्ता विचार आधारित है।" अपने व्यवहार में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है, जिसने अपने संगठन में महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों को उचित स्थान प्रदान किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में विचार, व्यवहार में सेवा, समाज के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने के प्रशिक्षण महाभियान चला रही है। आपातकाल के विरोध के समय इसी लोकतांत्रिक आदर्श को चरितार्थ करने का कार्य इसी दल के नेतृत्व द्वारा हुआ था। इसके विपरीत अन्य दल परिवारवादी समूह बनते जा रहे हैं। हम राजनीतिक क्षेत्र में केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं वरन् समाज की सेवा के लिए है, यह केवल नारा नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने व्यवहार



में चरितार्थ किया है। कोरोना महामारी में पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्राणों की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा के लिए सक्रिय हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 10 करोड़ लोगों को राशन, मास्क, दवाइयां वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने आदर्श वाक्य "सबका साथ-सबका विकास" के आधार पर सभी की सेवा एवं न्याय दिलाने के लिए भाजपा सदैव सक्रिय रहती हैं। महिला सम्मान के लिए शाह बानो केस के समय सक्रियता, तीन तलाक के विरोध में कानून, महिलाओं को लोकतन्त्र में यथोचित प्रतिनिधित्व, सभी के कल्याण की योजनाएं इसके जीवंत प्रमाण हैं। संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भाजपा नेतृत्व वाले अनेक प्रदेश सक्रिय हैं। देश की आवश्यकता पड़ने पर रचनात्मक विपक्ष का व्यवहार यह भाजपा नेतृत्व से सीखा जा सकता है। आज का विपक्ष सत्ताधारी दल का विरोध करते-करते देश विरोधी जैसा व्यवहार करने लगा है। 1971 का युद्ध, जेनेवा मिशन (1994) एवं आर्थिक सुधार आदि देशहित के मुद्दों पर आदर्श विपक्ष का व्यवहार भाजपा नेतृत्व ने करके दिखाया है। अपनी सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा सदैव सजग रही है। परमाणु बम का विस्फोट, स्वदेशी रक्षा उत्पाद, सेना का आधुनिकीकरण आदि की दृष्टि से भाजपा ने अपना प्रभावी पक्ष सदैव समाज के सम्मुख रखा है। इसी संकल्प पूर्ति हेतु मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय पहल की है। आतंक पर जीरो टोलरेंस एवं नक्सलवाद से मुक्ति ने देश की जनता में यह विश्वास जगाया है कि भारत सुरक्षित हाथों में है। भारतीय जनसंघ के काल से ही भाजपा राष्ट्रीय एकात्मता एवं सीमाओं की सुरक्षा के व्यापक परिदृश्य को सुदृढ़ करने का कार्य करती आ रही है। धारा 370 के विरुद्ध आंदोलन, चीनी विस्तारवाद का विरोध, गोवा व दमन-दीव मुक्ति, बेरुबाड़ी हस्तांतरण के विरोध से लेकर 1975 के आपातकाल विरोधी आंदोलन तक-इन सभी में भाजपा की विचारधारा का लोकतांत्रिक इतिहास में अतुलनीय योगदान है। छद्म धर्मनिरपेक्षता का विरोध करते हुए सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के आंदोलन में सहभागिता एवं निर्मिति की पूर्ति ने भारतीय जनता पार्टी को जन-जन की पार्टी बना दिया है। भ्रष्टाचार मुक्त विकास, गरीब कल्याण (अंत्योदय) आदि भाजपा के सिद्धांत मूल्य आधारित राजनीति का प्रकटीकरण है। भाजपा ने संविधान दिवस मनाकर देश में संविधान के प्रति निष्ठा एवं डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा निर्देशित मूल्यों का समाज में प्रचार किया है। "एक भारत-श्रेष्ठ भारत", सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं देश की एकात्मता का पोषण करने वाला अभियान है। जहां अन्य दल धर्म निरपेक्षता के नाम पर भारतीय संस्कृति, विचार एवं गौरव को लांछित करने का कार्य कर रहे हैं, वहां भाजपा नेतृत्व ने सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन कि "हम चुनाव जीतने के लिए केवल घोषणा नहीं करते, देश के विकास के लिए आवश्यक नीतियां बनाते हैं।" इस आदर्श वाक्य ने भाजपा नेतृत्व की कथनी-करनी की एकरूपता को प्रकट किया है। भारत माता की जय का उद्घोष, संपूर्ण वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन भाजपा की पहचान ही बन गया है। भाजपा के लिए गौरव का विषय है कि उसे देश की भावनाओं एवं आकांक्षाओं को पूर्ण करने का अवसर मिल रहा है। लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि स्थापना दिवस के अवसर पर देश के करोड़ों नागरिकों के सहयोग से अपने लक्ष्य वैभव पूर्ण विकसित भारत बनाने में सक्रिय हो।

चुनौतियां

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# भारत आर्थिक व उन्नत परमाणु शक्ति बने

यकीनन इस समय पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते हुए युद्ध के दौर के बीच भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं। हाल ही में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड के द्वारा प्रस्तुत 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान के द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया और अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। ऐसे में भारत के लिए आर्थिक शक्ति के साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनने की आवश्यकता उभरकर दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत तेज रफ्तार से विकास करते हुए वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, वहीं संसदीय रक्षा समिति की रिपोर्ट में भविष्य के युद्धों में भारत की निर्णायक भूमिका के मद्देनजर देश को स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का हब बनाए जाने की जरूरत बताई गई है। गौरतलब है कि भारत के पड़ोस में पाकिस्तान के द्वारा आधुनिक चीनी हथियारों से आतंक और घुसपैठ को प्रश्रय और चीन की ओर से सीमा पर आपत्तिजनक गतिविधियां भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। जहां लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के कुछ भागों पर कब्जा कर रखा है, वहीं अब चीन की नजर कराकोरम दर्रे पर भी है। जहां चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पकड़ मजबूत करने की राह पर आगे बढ़ा है, वहीं वह हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के जरिए भारत को घेरते हुए दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2025 में भारत के पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 7 मई से ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन ने पाकिस्तान को साइबर सपोर्ट, उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है। यह पूरा परिदृश्य भारत के लिए दशकों से चली आ रही शांतिप्रियता की नीति में आमूलचूल बदलाव की जरूरत बता रहा है। निसंदेह कई दशकों से भारत पंचशील के वाहक देश के रूप में विदेशी आतंक और विदेशी अतिक्रमणों को भी धैर्यपूर्वक सहन करने की मानसिकता के साथ आगे बढ़ता रहा है, लेकिन हाल ही के वर्षों में ऐसी मानसिकता में बहुत कुछ बदलाव आया है। निसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक पिछले 12 वर्षों में सरकार ने एक ओर आर्थिक तो दूसरी ओर सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। अब भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ पड़ोसियों के टकराव की स्थिति और बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने, मजबूत सैन्य शक्ति व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने के लिए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भी भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से अर्थव्यवस्था को तेज गिरावट से बचाए हुए है। अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर के 6.5 फीसदी होने संबंधी अनुमान प्रस्तुत कर रही हैं। भारत का मजबूत घरेलू बाजार, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार में 680 अरब डॉलर से अधिक का संचय युद्ध की मुश्किलों के बीच भारत का सहारा है। साथ ही भारत को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में बनाए हुए है।

# प्रेम क्या है?



संकलित

दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

# एक सत्संग ऐसी भी



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### ट्रंप और ईरान की जिद दुनिया को ले डूबेगी

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि वो उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। पाषाण युग वो समय था जब मनुष्य पत्थर के हथियारों का प्रयोग करता था। यह युग लगभग 25 लाख वर्ष पहले का युग माना जा सकता है। पत्थरों के हथियारों से उतना नुकसान नही होता था जितना आज के आधुनिक हथियारों से हो सकता है। आज के हथियार तो संपूर्ण प्राणी जाति को नष्ट करने वाले हैं। अगर अमरीका और ईरान अपनी ईगो के कारण युद्ध समाप्त नहीं करते हैं, तो यह किसी एक ही देश के लिए नुकसानदायक नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है, और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि परमाणु हथियार बहुत ही हानिकारक हैं। *- चेतन साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# ऑक्सफोर्ड विवि 'शिक्षापत्री' का द्विशताब्दी समारोह मना रहा

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक 'शिक्षापत्री' की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें।



## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं।



## ट्रेंड

### असम में शांति

10 साल पहले बम, बंदूक, भ्रष्टाचार और आतंकवादियों की सरकार होती थी। जहां दंगों और कर्फ्यू की खबरें आती थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में असम स्थायी और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### राष्ट्रीय पुनर्निर्माण

हम सत्ता के स्वर्ण शिखर पर बैठने के लिए राजनीति नही करते। हमारी राजनीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए, जनता के कल्याण के लिए, बहनों के सशक्तिकरण के लिए और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

हिमंता सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। हिमंता सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है - इसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, उनको सजा मिलनी तय है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### लागत पर दबाव

भू- राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में उत्पादकों की लागत पर दबाव पड़ रहा है और यदि यह स्थिति मध्यम अवधि तक बनी रहती है, तो इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने की संभावना है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी



## संक्षेप

### गैस सिलेंडर के लिए धूप में लाइन

**एजेंसियों पर मची मारामारी, प्रशासन कह रहा– पर्याप्त स्टॉक है**

अमेठी, जिले में रसोई गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को घंटों धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से जिले में सिलेंडर को लेकर मारामारी का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि लोग सुबह से एजेंसियों के बाहर लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। अमेठी की लगभग सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर इंतजार कर रहे हैं। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित शिवांशु गैस सर्विस के बाहर रोजाना सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट रही है। यहां उपभोक्ताओं को भीषण धूप में घंटों खड़े रहना पड़ रहा है। एक एजेंसी बंद, फिर भी नहीं सुधरे हालात एक दिन पहले ही अनियमितताओं के चलते पूर्ति विभाग ने अमेठी कस्बे की प्रकाश गैस एजेंसी को बंद करा दिया था। एजेंसी संचालक के खिलाफ थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद जिले में सिलेंडर को लेकर हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। लोगों की भीड़ कम होने के बजाय लगातार बढ़ती नजर आ रही है। उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालकों पर लगाए आरोपस्थानीय निवासी बृजलाल जायसवाल और रिंकू दुबे ने बताया कि उन्हें सिलेंडर लेने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने एजेंसी संचालकों की लापरवाही को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उपभोक्ताओं का कहना है कि पर्याप्त आपूर्ति का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें सिर्फ लंबी लाइन, देरी और परेशानी ही मिल रही है। अधिकारियों के दावे और जमीनी हकीकत में अंतरजिले के अधिकारी लगातार यह दावा कर रहे हैं कि गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। लेकिन एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें और उपभोक्ताओं की परेशानी इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। अब सवाल यह है कि जब प्रशासन पर्याप्त स्टॉक होने की बात कह रहा है, तो फिर उपभोक्ताओं को घंटों धूप में क्यों खड़ा रहना पड़ रहा है।

### भाजपा कार्यकताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया**

अमेठी, गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय पर आज पार्टी का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय को एक दिन पहले ही आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी की 47 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को याद किया। उन्होंने संगठन की उपलब्धियों और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को रेखांकित किया।

उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाए किसानः डीएम

### फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए जनपद में 15 अप्रैल तक चलेगा अभियान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार किसानों के लिए खेती और सरकारी सुविधाओं को और आसान बनाने के लिए जनपद में 06 अप्रैल 2026 से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु वृहद स्तर पर अभियान संचालित किया गया है। अभियान अन्तर्गत 15 अप्रैल 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री से वंचित कृषकों को आच्छादित कर फार्मर रजिस्ट्री बनायी जायेगी। अभियान अन्तर्गत गांव-गांव में संचालित होने वाले शिविर के दौरान लेखपाल व कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री हेतु निःशुल्क पंजीकरण के साथ-साथ खतौनी में नाम की गड़बड़ी, अंश निर्धारण और नाम मैच स्कोर जैसी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते हैं। डीएम ने कृषकों से अपील की है कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर अथवा लेखपाल से सम्पर्क फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से कृषकों क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। किसानों के लिए खेती और सरकारी सुविधाओं को और आसान बनाने के लिए जनपद में 06 अप्रैल 2026 से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु वृहद स्तर पर अभियान संचालित किया गया है। अभियान अन्तर्गत 15 अप्रैल 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री से वंचित कृषकों को आच्छादित कर फार्मर रजिस्ट्री बनायी जायेगी। अभियान अन्तर्गत गांव-गांव में संचालित होने वाले शिविर के दौरान लेखपाल व कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री हेतु निःशुल्क पंजीकरण के साथ-साथ खतौनी में नाम की गड़बड़ी, अंश निर्धारण और नाम मैच स्कोर जैसी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते हैं। डीएम ने कृषकों से अपील की है कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर अथवा लेखपाल से सम्पर्क फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से कृषकों क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी।

## रुपईडीहा में हवन कुंड हटाने को लेकर विवाद

### प्रशासन ने बताया, आपसी सहमति से हुआ था स्थानांतरण

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्ड संख्या 5 स्थित रुपईडीहा गांव में बने एक हवन कुंड को लेकर मंगलवार को विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार, उक्त स्थान पर वर्षों से गांव के लोग त्योहारों के दौरान पूजा-अर्चना करते आ रहे थे। कुछ समय पूर्व वहां हवन कुंड का निर्माण किया गया था, जिसके बाद नवरात्र सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों, विवाह एवं मुंडन संस्कारों पर सामूहिक रूप से हवन-पूजन किया जाता रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि मंगलवार दोपहर तहसील प्रशासन, स्थानीय पुलिस तथा एसएसबी की मौजूदगी में हवन कुंड को गिरा दिया गया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। गांव निवासी राजेश वर्मा, श्याम सिंह, रामजी सिंह और विजय सिंह ने बताया कि यह स्थान उनके पूर्वजों द्वारा विकसित किया गया था और लंबे समय से धार्मिक कार्यों के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। उनका कहना है कि कुछ लोग निजी रास्ते के विवाद को लेकर हवन कुंड हटवाना चाहते हैं।

वहीं, इस मामले में तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने बताया कि उपजिलाधिकारी नानपारा को तहसील दिवस में शंकर वर्मा द्वारा रास्ते के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। स्थानीय लोगों की सहमति से हवन कुंड को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की शर्त पर हटाया गया है।

थाना प्रभारी रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि प्रशासन की मौजूदगी में आपसी सहमति से हवन कुंड हटाया गया था। हालांकि, सूचना मिली है कि देर रात ग्रामीणों ने पुनः उसी स्थान पर हवन कुंड बना लिया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है और जल्द ही प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले का समाधान निकाल लिया जाएगा।

## बाइक दुर्घटना में घायल अधेड़ ने इलाज के दौरान थोड़ा दम, एक की हालत गंभीर

### मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकानपुरवा मोड़ के पास मंगलवार रात हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे में सुभाष निवासी लोकिहा तथा बैजनाथ निवासी डल्लापुरवा गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बैजनाथ (65) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि सुभाष की हालत गंभीर बनी हुई है।थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि घटना की सूचना अन्य माध्यम से मिली है, लेकिन अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। लिखित तहरीर मिलने पर संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



## अवध वाटिका साहित्य संस्थान की पाक्षिक गोष्ठी सम्पन्न

### डॉ. डी.बी. सिंह व रजीता राज साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। अवध वाटिका साहित्य संस्थान के तत्वावधान में सेनानी भवन सभागार में नियमित पाक्षिक कवि गोष्ठी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष पी.के. प्रचण्ड ने की, जबकि मंच संचालन तिलक राम -अजनबी- द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या चौधरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ, जिसने वातावरण को साहित्यिक और आध्यात्मिक भावों से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गा बक्श सिंह एवं रंजीता राज को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के संरक्षक राम सागर राव, अध्यक्ष पी.के. प्रचण्ड तथा उपाध्यक्ष रईस अहमद सिद्दीकी ने अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। गोष्ठी में अनेक प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ करने वालों में प्रमुख रूप से महीप चंद कनौजिया, शैलेन्द्र मिश्र, सुनील कुमार, विनोद कश्यप, रामसूरत वर्मा -जलज-, किशोरी लाल चौधरी, रईस अहमद सिद्दीकी, तिलक राम - अजनबी-, तारिक हासिम, शैलेन्द्र तिवारी, विनोद पाण्डेय, मधुलिका स्वरूप एवं रमेश चन्द्र मिश्र शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष पी.के. प्रचण्ड ने अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ के साथ सभी कवियों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। वहीं संस्थान के संरक्षक राम सागर राव ने अपने आशीर्वचन में साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का कार्य करता है। इस अवसर पर संस्था की कोषाध्यक्ष सारंधा रानी, संजय वर्मा, राजकिशोर वर्मा, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## बैंक में कैश की जगह खाताधारक को थप्पड़ करने का आरोप

### मामला पहुंचा थाने तो माफी मांगते नजर आए बैंक कार्मिक

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के इंडियन बैंक शाखा इमामगंज पहुंचे खाता धारक ने थप्पड़ मारने व बादशालु की करने का आरोप लगाया है। पीड़ित खाताधारक ने बताया कि कैश लेने गया था किंतु बैंक कर्मी कौन है पीड़ित शिक्षक के साथ बदसलू की करते हुए थप्पड़ मार दिया। मामला मंगलवार दोपहर बाद का है। पिपरी माफी ग्राम पंचायत के परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षक अनिल कुमार शर्मा विद्यालय के कुछ काम से बैंक गए हुए थे। वहां के स्टाफ ने दो बार टाइम का हवाला देकर वापस कर दिया। तीसरी बार करीब 3:30 बैंक पहुंचे और वहां के स्टाफ से काम करने के लिए निवेदन किया लेकिन बैंक का ताला नहीं खोला गया। लिहाजा अनिल कुमार शर्मा ने पुनः निवेदन किया जिस पर बैंक में तैनात बतौर कैशियर निहाल सिंह उग्र हो गए और अपने दो अन्य साथी आनन्द सिंह और अभिनव कुमार को बुलाकर जमकर मारपीट की। इसके बाद हंगामा बढ़ गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करने का प्रयास किया। मामला शांत न होता देख मौके पर थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने लेकर गए। वहां बैंक के कर्मचारियों ने अनिल कुमार शर्मा से अपने कारगुजारी की माफी मांगी। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने इस मामले में समझौता कर लिया है। जोनल मैनेजर ने बताया कि टीम गठित कर जांच के बाद कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## राज्य कर्मचारी संगठन को नई मजबूती, शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी बने जिला अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में राज्य कर्मचारियों के संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम निर्णय लिया गया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा द्वारा शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी को जनपद बहराइच का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस घोषणा से संगठन में नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई प्रमुख पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रमोद त्रिपाठी (रजिस्ट्रार, फामेर्सी काउंसिल), संदीप बडोला (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं फामेर्सी काउंसिल), अखिल सिंह (उपाध्यक्ष) सहित आदित्य प्रकाश पाठक, अतुल त्रिपाठी व अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनपद के सभी राज्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।उन्होंने साथियों व वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने, कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की आवाज प्रभावी रूप से उठाई जाएगी।

## नवनियुक्त सभासदों को उप जिलाधिकारी नानपारा ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के सभागार में बुधवार को सुबह 11 बजे एस डी एम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने शासन द्वारा मनोनीत सभासदो को शपथ दिलाई। मनोनीत सभासदों में रतन कुमार अग्रवाल, कालीप्रसाद गुप्ता एवं पार्वती देवी वर्मा ने शपथ ली। तीनो सभासदों के मनोनीत होने के बाद नगर पंचायत रुपईडीहा में सभासदों की कुल संख्या 18 हो गई है।इस अवसर पर चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य ई ओ राम बदन यादव, लिपिक गंगा प्रताप सिंह, नगर कोतवाल रमेश रावत ने मनोनीत सभासदो को बधाई दी। इस अवसर पर नगर पंचायत रुपईडीहा के निर्वाचित सभासद गणों रजा इमाम रिजवी, मो जाकिर, मो जहीर, जान मोहम्मद, रईस अहमद, अशोक यादव, पन्ने लाल सहित नगर के गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही।

## शिक्षक से समीक्षा अधिकारी बने अंजनी कुमार सिंह, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर समीक्षा अधिकारी (फड) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके चयन से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। तेजवापुर विकासखंड के ग्राम टेंडवा बसंतापुर निवासी बजरंग सिंह के पुत्र अंजनी कुमार सिंह की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय टेंडवा बसंतापुर तथा उच्च प्राथमिक शिक्षा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेडनापुर से हुई। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई सीएमएस स्कूल बहराइच और इंटरमीडिएट रवींद्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज, बहराइच से पूरी की।उच्च शिक्षा में उन्होंने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी से बी.फार्मा और डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ से एम.फार्मा की डिग्री हासिल की। इसके बाद बीटीसी की पढ़ाई अयोध्या से पूर्ण कर शिक्षक बने और नौकरी के साथ-साथ स्वाध्याय के जरिए सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। पूर्व में उनका चयन चकबंदी लेखपाल पद पर भी हो चुका है। उनकी सफलता में उनके चाचा छेदी सिंह, जो पूर्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय बेडनापुर के प्रधानाध्यापक रह चुके हैं, का विशेष मार्गदर्शन रहा। अंजनी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व और प्रेरणा का माहौल है।

## उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की मेहनत फिर लाई रंग

### आईजीआरएस निस्तारण में जिले में तहसील नानपारा को मिला प्रथम स्थान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा को जमीन पर उतारते हुए तहसील नानपारा निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। मार्च माह में भी कक्कृफर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तहसील नानपारा ने जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस सफलता के पीछे एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी की कड़ी मेहनत, पारदर्शी कार्यशैली और सकारात्मक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एसडीएम प्रतिदिन अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराती है वे जहाँ भी कार्यरत रहती हैं, अपनी लगन, ईमानदारी और कार्य के प्रति समर्पण से जनता और उच्चाधिकारियों का विश्वास जीत लेती हैं। प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री द्वारा जनशिकायतों के शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए गए निदेर्शों का पालन करते हुए, एसडीएम नानपारा ने तहसील प्रशासन के साथ मिलकर शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को प्रभावी और परिणामदायी बनाया है। तहसील प्रशासन नानपारा की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि निरंतर प्रयास, बेहतर समन्वय और मजबूत नेतृत्व से प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव संभव है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के लोगों एवं अधिकारियों द्वारा एसडीएम मोनालिसा की सराहना की जा रही है।

वहीं इस सफलता पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय तहसील के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग और समर्पण को दिया तथा भविष्य में और बेहतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार बने निरीक्षक, एसपी ने लगाए स्टार

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। थाना कोतवाली देहात अंतर्गत टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार को पदोन्नति देकर निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया।स्टार लगने के साथ ही शैलेंद्र कुमार के चेहरे पर खुशी झलक उठी, वहीं मौजूद पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें बधाई दी। अपने कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और सक्रिय कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले शैलेंद्र कुमार ने चौकी प्रभारी के रूप में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में



अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में टिकोरा मोड़ क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसकी सराहना उच्चाधिकारियों द्वारा भी की जाती रही है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सीआरएस भी मौजूद रहें।

## ग्रामीणों को नहीं मिला शौचालय तो विधायक ने खंड विकास अधिकारी को लगाई फटकार

**सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा बलहा विधायक का वीडियो**

**मिहींपुरवा ब्लाक के तुलसी पुरवा गांव का मामला**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र में पहुंची वहां पर काफी संख्या में पहुंची महिलाओं ने विधायक से शौचालय न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। विधायक को जैसे ही पता चला कि गांव में किसी को शौचालय ही नहीं मिला है तो उन्होंने तत्काल खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव को फोन लगाकर जानकारी लेनी चाही तो बीडियो ने पहले तो विधायक को भ्रमित करते हुए बताया कि यह वन ग्राम का मामला है लेकिन जब विधायक ने टाइट लहजे में कहा कि यह वन ग्राम का नहीं बल्कि राजस्व ग्राम का मामला है तो बीडियो ने जांच करने की बात कही। विधायक ने बीडियो को फटकार लगाते हुए कहा कि दो दिन में इनकी जांच करके इनको शौचालय उपलब्ध कराइए अगर तुम नहीं करा सकते हो तो बताओ हम ऊपर बात करते हैं। विधायक सरोज सोनकर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।बलहा विधानसभा के ब्लॉक मिहींपुरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़खड़िया के तुलसी पुरवा में ग्रामीण को शौचालय नहीं मिला है ग्रामीण खुले में शौच को जाने को मजबूर है। यह क्षेत्र कतर्निया घाट वन्य जीव विभाग में आता है यहां पर आए दिन जंगली हिंसक जानवरों का खतरा रहता है और लगातार हमले भी होते हैं। क्षेत्र में पहुंची बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर से महिलाओं ने शौचालय न मिलने की शिकायत की इस पर विधायक ने खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव को फटकार लगाते हुए जल्द शौचालय देने का निर्देश दिया है। विधायक द्वारा तत्काल लिए गए एक्शन से ग्रामीणों को शौचालय मिलने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शौचालय मिल जाएगा तो वन्य जीवों के हमले का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा।

## संक्षेप

### नाले पर अवैध कब्जे का आरोप

**ग्रामीण ने डीएम से की शिकायत, जांच का आश्वासन मिला**

बागपत , चमरावल गांव के एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीण ने सार्वजनिक नाले पर अवैध कब्जे और प्रशासन द्वारा इस संबंध में की गई अधूरी कार्रवाई का मुद्दा उठाया है। शिकायत में कहा गया है कि खसरा संख्या 1009, 1064 और 1066 में स्थित नाले के कुछ हिस्सों पर अब भी अवैध कब्जा है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, प्रशासन ने पूर्व में नाले के कुछ हिस्सों से अतिक्रमण हटाया था, लेकिन यह कार्रवाई संतोषजनक नहीं थी। लगभग 50 मीटर क्षेत्र में अभी भी अवैध कब्जा बरकरार है, जिसके चलते नाले की जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है। ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि नाले की सही पैमाइश और सीमांकन नहीं किया गया है। साथ ही, मानकों के अनुरूप खुदाई भी नहीं कराई गई है। इन कमियों के कारण, बारिश के मौसम में क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आसपास के निवासियों को असुविधा होती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस या प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इस स्थिति से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायती पत्र में ग्रामीण ने नाले का पूर्ण सीमांकन कराने और अवैध कब्जे को हटाने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने का भी अनुरोध किया है, ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### 170 दुर्लभ तोते बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**राजस्थान से गाजियाबाद ले जाए जा रहे थे तोते, दो फरार**

बागपत , पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार ने योगी सरकार को लिखा पत्र

## निजी स्कूलों में महंगी किताबों और तय दुकानों से खरीद रोक की मांग



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह बबुआ ने पत्र में पुस्तकों की कीमतों में मनमानी बढ़ोतरी और हर साल बिना ठोस कारण पाठ्यक्रम बदलने पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी इस पहल का समर्थन किया है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के अधिकांश निजी विद्यालय अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव डाल रहे हैं। स्कूल प्रबंधन मनमाने तरीके से किताबों की कीमतें बढ़ा रहा है और अभिभावकों को केवल तय दुकानों से ही पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है और अभिभावकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है बार एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्कूल हर साल पुस्तकों का नया संस्करण जारी कर देते हैं, जबकि पाठ्यक्रम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता। केवल मामूली संशोधन करके नई किताबें अनिवार्य कर दी जाती हैं, जिससे अभिभावकों को हर वर्ष नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं। एसोसिएशन ने इसे अभिभावकों के साथ अन्याय बताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने बार एसोसिएशन का समर्थन करते हुए कहा, ह्लमैं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ हूं। जिस तरह स्कूल बार-बार पाठ्यक्रम में बदलाव कर किताबें बदल रहे हैं, वह गलत है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे के अनुसार किताबें बदली जा रही हैं। यह मनमानी कम होनी चाहिए।ह्व बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

# महिला को जिंदा दफनाने वालों को उम्रकैद

## दो को सजा, 4.50 लाख रुपए और गहनों के लिए की थी वारदात



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, 75 साल की महिला को धोखे से ले जाकर हत्या करने वाले दो कातिलों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार मिश्रा ने दोषियों धीरज गुप्ता और रिंकू जायसवाल उर्फ रिंकू कचौड़ी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह मामला अगस्त 2021 का है, जिसमें 4.50 लाख रुपये व गहनों की लालच में बुजुर्ग विद्यावती गुप्ता की जान ले ली गई थी।

### भरोसा जीतकर रची गई साजिश


कटरा निवासी विद्यापति गुप्ता अपने बेटों से अलग रहती थीं। इसी का फायदा उठाते हुए मोहल्ले के युवकों ने उनसे नजदीकी बढ़ाई। मोबाइल पर बातचीत कर विश्वास जीता और फिर धीरे-धीरे पैसों की ठगी शुरू कर दी। आरोपियों ने अलग-अलग बहाने बनाकर करीब 4.5 लाख रुपये ऐंठ लिए। गहने न मिलने पर गोल्ड लोन का झांसा देकर उन्हें अपने साथ ले गए और एक प्राइवेट फर्म में गहने गिरवी रखकर करीब 2 लाख रुपये का लोन भी ले लिया। पैसे वापस मांगने पर बना हत्या का प्लान जब विद्यापति ने अपने पैसों का हिसाब मांगना शुरू किया, तो आरोपियों पर दबाव बढ़ गया। पैसे लौटाने से बचने के लिए उन्होंने हत्या की साजिश रची। 17 अगस्त 2021 को उन्हें झांसा देकर उनके पुश्तैनी घर सोरांव के हाजीगंज ले जाया गया।हत्या के बाद जमीन में दफनाया शवहाजीगंज पहुंचने के बाद आरोपियों ने विद्यापति पर हमला कर दिया। वह अचेत हुईं तो शव को जमीन में दफना दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।

### गुमशुदगी से खुला पूरा राज

19 अगस्त को बेटे अरुण कुमार केसरवानी ने कर्नलगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शुरूआत में जांच धीमी रही, लेकिन बाद में मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में धीरज गुप्ता ने पूरी साजिश का खुलासा किया।

# सिंगर सुनंदा शर्मा के शो में मारपीट

**सुभारती यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच चले लात-घूसे और कुर्सियां, शो बीच में रोकना पड़ा**




अमन लेखनी समाचार

मेरठ , स्थित सुभारती यूनिवर्सिटी में पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा के लाइव शो के दौरान छात्रों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें छात्र-छात्राओं के बीच लात-घूंसे चलते साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह ह्यस्पार्क-2026ह्व का आयोजन किया गया था। समारोह के दूसरे दिन पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा का लाइव परफॉर्मेंस रखा गया था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र मौके पर पहुंचे थे। कार्यक्रम बीच में रोकना पड़ा हंगामे के चलते आयोजकों को कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। हालांकि, इसके बावजूद छात्र आपस में भिड़ते रहे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कई छात्र-छात्राएं जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। इस दौरान कुछ छात्रों के कपड़े फट गए, जबकि कई के घायल होने की भी सूचना है। सीट और मंच के पास जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान मंच के पास खड़े होने और सीट को लेकर छात्रों के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। कुछ ही देर में मामला मारपीट में बदल गया और छात्रों के बीच जमकर लात-घूंसे चलने लगे। सूचना मिलने पर सुभारती चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कुछ छात्र पुलिस से भी उलझ गए।

# सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण जारी

**सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल-हॉस्पिटल सील करने के आदेश दिए, अब 9 अप्रैल को सुनवाई होगी**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट में अवैध निर्माण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आवासीय भूखंडों पर चल रहे स्कूल, नर्सिंग और बैंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। शुरूआती आदेश में 24 घंटे के अंदर अवैध स्कूल और अस्पताल सील करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि बाद में कोर्ट ने समय सीमा समाप्त कर दी। आवास एवं विकास परिषद ने कोर्ट के समक्ष 44 संपत्तियों को व्यावसायिक घोषित किया है। सुनवाई न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जान जोखिम में है। कोई हादसा होने पर बच्चों की जान भी जा सकती है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि ऐसे स्कूलों को बिजली कनेक्शन कैसे मिला और इसकी भी जांच करने के निर्देश दिए। अब 9 अप्रैल को सुनवाई होगी मेरठ के पूर्व कमिश्नर हृषिकेश भास्कर यशोद से सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ध्वस्तीकरण रोकने के आदेशों की जानकारी मांगी। याचिकाकर्ता लोकेश खुराना के वकील तुषार जैन ने कहा कि ऐसी स्थिति परिषद की अन्य योजनाओं में भी मौजूद है। कोर्ट ने स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। शास्त्रीनगर योजना संख्या सात में चार से छह स्कूल इस प्रकार के हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन को इस कार्रवाई को अमल में लाने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन और व्यापारी दोनों सक्रिय सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के चलते प्रशासनिक अमला रविवार को अवकाश के दिन भी सक्रिय रहा। वहीं, कार्रवाई के डर से कई व्यापारियों ने खुद ही अपने अवैध निर्माण तोड़ना शुरू कर दिया। यह स्थिति एक अप्रैल को हुई सुनवाई के बाद सामने आई, जब कोर्ट ने अनुपालन रिपोर्ट तलब करते हुए परिषद अध्यक्ष को पेश होने के निर्देश दिए थे। इसके बाद दो अप्रैल को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने मामले में विस्तृत हलफनामा मांगा और सुनवाई की अगली तारीख छह अप्रैल तय की।

# पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

**शराब पीने से रोका तो पेट्रोल छिड़का, खुद भी झुलसा**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , लोहिया नगर थाना क्षेत्र के उमरनगर में देर रात पत्नी द्वारा नशा करने का विरोध करना उसे भारी पड़ गया। गुस्से में आए पति ने पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन छीना-झपटी के दौरान वह खुद भी आग की चपेट में आ गया। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों बुरी तरह झुलस गए, जहां दोनों की हालत को नाजुक देखते हुए दोनों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पत्नी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया उसने उसकी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है वहीं पति की हालत भी नाजुक बताई जा रही हैमिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र की पीर वाली गली निवासी निदा की शादी करीब तीन साल पहले उमरनगर निवासी जुबेर से हुई थी। दोनों के दो छोटे बच्चे भी हैं। बताया जा रहा है कि जुबेर को नशे की लत थी, जिसका पत्नी अक्सर विरोध करती थी। दिन रात भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर जुबेर ने गुस्से में आकर पेट्रोल की बोतल लाकर पत्नी पर छिड़क दिया। इस दौरान पत्नी ने खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे छीना-झपटी में पेट्रोल जुबेर पर भी गिर गया। जैसे ही उसने आग लगाने की कोशिश की, वह खुद भी आग की लपटों में घिर गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को आनन-फानन में मेरठ के हापुड रोड पर मौजूद राजधानी हॉस्पिटल में अस्पताल भर्ती कराया गया।

# डीपीएसजी स्कूल की टाइमिंग बदली

## अभिभावकों का हंगामा, बोले- बच्चे शाम तक घर पहुंच रहे




अमन लेखनी समाचार

मेरठ , रोड स्थित डीपीएसजी स्कूल की बदली हुई टाइमिंग का विवाद बढ़ गया है। सैकड़ों अभिभावक आज गाजियाबाद के जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं, जबकि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। अभिभावकों के अनुसार, लगभग एक सप्ताह पहले तक स्कूल का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक था। स्कूल प्रबंधन ने बिना सहमति के इसे सुबह 8 बजे से शाम 3:30 बजे तक बढ़ा दिया है। इस नई टाइमिंग के कारण बच्चों को घर पहुंचने में काफी देर हो रही है। पास के बच्चे शाम 5:30 बजे तक और दूर के बच्चे शाम 6:30 बजे तक घर पहुँच रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए इतना लंबा स्कूल समय उचित नहीं है। देर से घर लौटने के कारण उन्हें आराम करने, खेलने और पढ़ाई करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। पहले स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक लगता था, लेकिन अब महीने के दो शनिवार को भी कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इस मामले को लेकर अभिभावकों के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने उनकी शिकायतें सुनीं और आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द ही निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में हंगामा करने वाले अभिभावकों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया है। इस फैसले के बाद यह मामला और गरमा गया है। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि नई टाइमिंग बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। स्कूल के अनुसार बच्चों को हर पीरियड के बाद 5 मिनट का ब्रेक और 40 मिनट का लंच ब्रेक दिया जा रहा है। साथ ही ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व अभियान के तहत बच्चों को अलग-अलग राज्यों पर रिसर्च करने के लिए दिया गया है और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए ग्रूमिंग सेशन भी जोड़े गए हैं।

# पति पत्नी की जिंदा जलकर मौत

## पति-पत्नी ने खुद को लगाई थी आग, काफी समय में चल रहा था विवाद




अमन लेखनी समाचार

मेरठ , नशे को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी की मौत हो गई है। दोनों ने खुद को आग लगा ली थी। इस घटना में रविवार शाम को पत्नी ने दम तोड़ दिया था, जबकि पति ने भी इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उमर नगर निवासी जुबैर और उनकी पत्नी निदा के बीच नशे को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों ने खुद को आग लगा ली। घटना के बाद परिजनों और पड़ोसियों ने उन्हें हापुड़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत के कारण उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार शाम को निदा की मौत हो गई थी। इसके बाद सोमवार दोपहर को जुबैर ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पति-पत्नी की मौत से परिवार में गहरा दुख है। पुलिस ने जुबैर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को उसका दफीना किया जाएगा। दोनों पक्षों ने इस मामले में किसी भी पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है। मामला लोहिया नगर थाना क्षेत्र के उमर नगर का है। अब जानिए पूरा मामला जुबैर पुत्र हारून लोहिया नगर के उमर नगर के रहने वाले थे। इलाके में ही पिता के साथ कपड़े की फैक्ट्री चलाते थे। कोतवाली क्षेत्र की पीर वाली गली निवासी निदा की शादी करीब 5 साल पहले उमरनगर निवासी जुबैर से हुई थी। दोनों के दो छोटे बच्चे भी हैं। बताया जा रहा है कि जुबैर को नशे की लत थी, जिसका पत्नी अक्सर विरोध करती थी। शनिवार दोपहर में भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर जुबैर ने गुस्से में आकर पेट्रोल की बोतल लाकर पत्नी पर छिड़क दिया। इस दौरान पत्नी ने खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे छीना-झपटी में पेट्रोल जुबैर पर भी गिर गया। जैसे ही उसने आग लगाने की कोशिश की, वह खुद भी आग की लपटों में घिर गया। इलाज के दौरान पति की हुई मौत घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को आनन-फानन में मेरठ के हापुड़ रोड पर मौजूद राजधानी हॉस्पिटल में अस्पताल भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही लोहिया नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। डॉक्टरों ने दोनों की हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां रविवार शाम में निदा की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसकी खबर परिजनों को मिलते ही घर में मातम पसर गया। पुलिस ने महिला शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं जुबैर की हालत भी नाजुक बनी हुई थी। आज दोपहर में पति की भी मौत हो गई है दोनों एक दूसरे से बेइंतहा प्यार करते थे वहीं इलाके के ही रहने वाले एक युवक ने नाम ना बताने की शर्त जानकारी देते हुए बताया- दोनों पति-पत्नी में काफी मोहब्बत थी।

# एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को पकड़ा

**चंदौली में पशु तस्करी करता था, दिल्ली में छिपा था**



अमन लेखनी समाचार

नोएडा , पशुओं की तस्करी के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी को एसटीएफ यूनिट ने दिल्ली से गिरफ्तार किया। इसका नाम संतोष पासवान है। उम्र करीब 31 साल है। संतोष वर्तमान में हरियाणा के फरीदाबाद में रह रहा था। आरोपी दिल्ली में ई-रिक्शा चला रहा था। वह चंदौली जिले के एक पुराने मामले में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि संतोष पर पशु तस्करी के गंभीर आरोप हैं। उसके खिलाफ चंदौली जिले के चंदौली थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ को उसकी लोकेशन के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद टीम ने दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में दबिश देकर उसे पकड़ लियाआरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। वह दिल्ली और हरियाणा के सीमावर्ती इलाकों में छिपकर रह रहा था, ताकि पुलिस उसे पकड़ न सके। आरोपी एक संगठित नेटवर्क के साथ मिलकर पशु तस्करी करता था।

# नोएडा पुलिस का ऑपरेशन कन्विक्शन

**जिले की पुलिस ने तीन सालों में 5080 अपराधियों को दिलाई सजा, 117 को आजीवन कारावास**




अमन लेखनी समाचार

नोएडा , उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस ने पिछले तीन साल से ज्यादा समय में 5080 अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई है। इसमें 117 अपराधियों को आजीवन कारावास भी हुआ। दावा है कि प्रदेश में सबसे ज्यादा अपराधियों को सजा गौतमबुद्धनगर में हुई है।

पुलिस ने हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, दहेज हत्या, अपहरण, लूट और डकैती जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित किया और इन मामलों में मजबूत पैरवी कर अदालत में ठोस सबूत पेश किए। आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी 2023 से 3 अप्रैल 2026 तक कुल 5080 अपराधियों को सजा दिलाई गई। यह कार्रवाई कुल 4549 मामलों में हुई।

### इन मामलों में दिलाई गई सजा

अगर अलग-अलग मामलों की बात करें तो पॉक्सो एक्ट के 104 मामलों

रेप के 16 मामलों, दहेज हत्या के 4 मामलों

अपहरण के 25 मामलों और हत्या के 62 मामलों में सजा दिलाई गई।

डकैती के 15, लूट के 323, गिरोहबंद अधिनियम के 78

चोरी के 1403 और आर्म्स एक्ट के 1067 मामलों में भी अपराधियों को सजा मिली।

अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में दोषियों को सजा दिलाई गई।

# पानी की टंकी से गिरकर युवती की मौत

**दौला रजपुरा गांव में हादसा, परिजन ने नहीं कराया पोस्टमार्टम**



अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा , दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव में एक युवती की पानी की टंकी से गिरकर मौत हो गई। घटना हुई, जब 25 वर्षीय रानी खेत में काम कर रही थी और पानी लेने के लिए टंकी के पास गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रानी पानी की टंकी पर चढ़कर ऊपर देखने और घूमने के इरादे से सीढ़ियों पर चढ़ने लगी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। वह करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पानी की टंकी गांव में पानी की आपूर्ति के लिए बनवाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि टंकी के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। मृतका के पिता का नाम सलीम है। बताया जाता है कि रानी अविवाहित थी।

# मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत सोनभद्र पुलिस का लगातार जनजागरूकता अभियान

**महिला एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें। सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा जागरूक रहकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:**

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन।

# सरकारी बकरी फार्म का एक्सपोजर विज़िट कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**

जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड उसका बाजार में मंगलवार को पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 20 सक्रिय महिला बकरी पालकों के लिए सरकारी बकरी फार्म का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन सिखाना और उनके कौशल को निखारना था। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए0के0 मिश्रा ने सहायक पुरुषोत्तम पाण्डेय के साथ मिलकर महिलाओं को बकरियों की उचित देखभाल, पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबन्धन की तकनीकी जानकारी दी। सरकारी फार्म के प्रत्यक्ष भ्रमण से महिलाओं को व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ।






कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 ए0के0 मिश्रा ने छकउ ऌॠछ हृदय परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण महिलाओं की आजीविका को मजबूत करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।

# बूथ 145 के कार्यालय दीनदयाल समता स्थली केशव मार्ग, सेक्टर 8 कुरुक्षेत्र में स्थापना दिवस के अवसर पर दीप उत्सव मनाया गया

**अमन लेखनी समाचार**



**कुरुक्षेत्र,** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के थानेश्वर विधानसभा के बूथ क्रमांक 145 की कार्य समिति के सदस्यों ने बहुत ही हर्षोल्लास से दीपों को जगाकर स्थापना दिवस मनाया ।। इस अवसर पर डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि जैसे एक दीपक अंधियारे को समाप्त करके हमें प्रकाशित करता है इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी ने भी भारत की जनता को भ्रष्टाचार, वैभवाचार, दुराचार से निकालकर पिछले 12 वर्षों से एक सूशासन देकर गरीब, किसान, महिला, युवा के जीवन को प्रकाशित किया है डॉक्टर मथाना ने बताया की बूथ 145 अपने कार्यों के कारण हरियाणा के 20629 बूथ में तो आदर्श बूथ बन गया है, लेकिन अपनी बूथ की कार्य समिति यह प्रयास करेगी कि आने वाले समय में यह बूथ देश का नंबर वन बूथ हो, और इस बूथ पर किए जाने वाले नए-नए प्रयोग अन्य बूथों पर शुरू हो डॉ मथाना ने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के अनुसार हम दीपक जगा कर अपने भारतीय उत्सव एवं त्यौहार मनाते हैं, भाजपा कार्यकताओं के लिए पार्टी का स्थापना दिवस भी एक बहुत बड़ा उत्सव है पार्टी की नियत और नीतियों के कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है और लोगों का दिन प्रतिदिन भाजपा की कार्यशैली में विश्वास बढ़ता जा रहा है क्योंकि भाजपा एक ऐसे भारत का निर्माण करने को प्रतिबद्ध है जो सुदृढ़, समृद्ध तथा स्वावलंबी भारत हो और जिसका दृष्टिकोण आधुनिक, प्रगतिशील तथा प्रबुद्ध हो और जो प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा मूल्यों से सगर्व प्रेरणा लेता हो और भारत को विश्व में इतना शक्तिशाली देश बनाना है ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थाओं को ठीक करने में और विश्व में शांति स्थापित करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका हो बूथ 145 के कार्यकताओं ने बूथ पर दीप उत्सव मनाने के बाद जिला भाजपा कार्यालय, गीता कमल में भी जाकर भाजपा के ध्वज के पास दीपक जगाए और सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी इस अवसर पर रामफल सहारण, श्यामलाल, जयप्रकाश शास्त्री, पंकज बंसल, रविंद्र सचदेवा, देशराज ,मोहित कक्कड़, संदीप यादव, अंग्रेज सिंह, हरीदत्त शर्मा, विनोद शर्मा, सुखविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, बी एल अरोड़ा, संदीप यादव ,नरेंद्र चौधरी ,सुशील चित्रा, सूरज प्रकाश भारद्वाज, मनप्रीत सिंह, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# 11 अप्रैल को गरौठा क्षेत्र में चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झाँसी)। जनपद झाँसी के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गरौठा से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों से संचालित ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि दिनांक 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को आवश्यक विद्युत अनुरक्षण कार्य के चलते आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 132 केवी गुरसराय से निर्गत 33 केवी गरौठा लाइन पर पेड़ों की बढ़ी हुई टहनियों एवं झाड़ियों की छंटाई का कार्य प्रस्तावित है। यह कार्य विद्युत लाइनों की सुरक्षा, सुचारू संचालन एवं संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के दृष्टिगत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस कार्य के कारण 33/11 केवी उपकेंद्र गरौठा से पोषित सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पूर्णतः बाधित रहेगी। इस दौरान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अवर अभियंता रामभवन चौहान ने बताया कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है, जिससे भविष्य में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि कार्य के दौरान धैर्य बनाए रखें तथा विभाग को सहयोग प्रदान करें।

# ग्रीन कॉरिडोर-2 कार्य के चलते 9 अप्रैल को कृषि फीडर की बिजली रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झाँसी)। जनपद झाँसी के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गरौठा से जुड़े 11 केवी कृषि पोषक से संचालित समस्त ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि दिनांक 09 अप्रैल 2026 को महत्वपूर्ण विद्युत परियोजना के कार्य के चलते आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रीन कॉरिडोर-2 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) द्वारा 400 केवी डीसी क्वाड मूस बंगरा-गरौठा लाइन पर टावर स्ट्रिंगिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। यह परियोजना प्रदेश में विद्युत ढांचे को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर संप्रेषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उक्त कार्य के कारण 33/11 केवी उपकेंद्र गरौठा से पोषित 11 केवी कृषि सिमरधा फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक पूर्णतः बाधित रहेगी। इस दौरान संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यों के लिए बिजली उपलब्ध नहीं रहेगी। अवर अभियंता रामभवन चौहान ने बताया कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है और भविष्य में बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं किसानों से अपील की है कि कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें तथा वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने ओला से बर्बाद फसल की मुआवजा के लिए जिलाधिकारी को दिया पत्रक

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर। मिजार्पुर जनपद में पिछले दिनों से हो रहा है बारिश ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है , जिसके कारण किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं । इस संदर्भ में पीड़ितों की गुहार पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने मिजार्पुर जिला अधिकारी से मिलकर किसानों के गेहूं की फसल जो बरसात , एवं ओला गिरने से बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों के चेहरे पर मुस्कान गायब है और किसान चिंतित हैं, भुखमरी के कगार पर हैं , इसको लेकर जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर उनसे तत्काल किसानों के हित के लिए मुआवजे की मांग की है।

# शाहाबाद में छाया खौफ का साया, कोई दुकानदार दुकान खोलने नहीं आया

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई)मंडी गेट पर रविवार को हुआ हमला अब सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रहा, बल्कि यह सत्ता संरक्षण, प्रशासनिक शिथिलता और दबे हुए खौफ की कहानी बन गया है, इसीलिए सवाल कि सोमवार क्यों कोई दुकानदार अपनी दुकान खोलने नहीं आया, यद्वपि अपर पुलिस अधीक्षक शाहाबाद आलोक राज नारायण ने व्यापरियों को बहुत समझाया परन्तु व्यापारियों को उनके ऊपर भरोसा नहीं रहा क्योंकि पुलिस के सामने दबंगों का सरदार जाहिर घटना के बाद दुस्साहसपूर्ण ढंग से घटनास्थल पर लौटा और फिर घटना के बाद से हालात यह हैं कि पुलिस की कड़ी तैनाती के बावजूद मंडी के निकट का पूरा बाजार सहमा हुआ है। सामने से सब सामान्य दिखाने की कोशिश जरूर हो रही है, लेकिन अंदरूनी सच कुछ और ही बयां कर रहा है। हालांकि मंगलवार को सिर्फ दो दुकानदारों ने दुकानें खोलीं हैं। आरोपियों पर अब भी सत्ता संरक्षण के आरोप हैं, पुलिस तैनाती के बावजूद 18 दुकानें बंद होने से तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं और एसडीएम की चुप्पी पर भी सवाल उठे हैं।

### पुलिस तैनात फिर भी बाजार बंद

शाहाबाद (हरदोई) सूत्रों के मुताबिक, डकैती जैसी घटना के बाद से मंडी गेट के पास की करीब 18 दुकानें पूरी तरह बंद हैं। सोमवार को एक भी दुकान नहीं खुली। मंगलवार को पुलिस के कहने पर सिर्फ 2 दुकानदारों ने बमुश्किल शटर उठाया, बाकी दुकानदार अब भी नदारद हैं। यानी पुलिस मौजूद है, लेकिन भरोसा गायब है।

### व्यापारियों में डर कर गया घर

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) स्थानीय व्यापारी खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बाहर से माहौल सामान्य दिखाने की कोशिश हो रही है, लेकिन अंदर और डर साफ महसूस किया जा सकता है। यह वही बाजार है, जहां रविवार को सुबह 11 बजे दिनदहाड़े हमला हुआ और आरोपी खुलेआम लौटकर चले गए लेकिन वह पुलिस की मौजूदगी में पुनः आए और व्यापारियों को धमकाकर चले गए लेकिन पीड़ित व्यापारियों ने पुनः तहरीर नहीं दी क्योंकि अंदर ही अंदर आरोपियों के पैरवकार समझौते का दबाव बना रहे हैं जिसमें प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है अन्यथा अब आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाती और सभी दुकानें खुल जातीं।

### आरोपी कई बार आए, भिड़े, और चले भी गए

शाहाबाद (हरदोई) घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यही है कि हमलावर घटना के बाद दोबारा लौटे, पुलिस बल की मौजूदगी में दुकानदारों से भिड़े और फिर उसी अंदाज में चले गए। तभी सवाल उठे कि अगर प्रशासन सक्रिय होता तो क्या यह संभव था?

### प्रशासन, सत्ता और भूमाफिया कनेक्शन की चर्चा तेज

शाहाबाद (हरदोई) स्थानीय स्तर पर चचाएँ हैं कि क्षेत्र में भूमाफियाओं के हौसले बढ़े हुए हैं।

कुछ प्रभावशाली राजनीतिक चेहरों का संरक्षण उन्हें मिला हुआ है। लोग खुलकर तो नहीं बोल रहे, लेकिन इशारे बहुत कुछ कह रहे हैं। समझदारों के लिए इशारा ही काफीह्व वाली स्थिति यहां साफ नजर आ रही है।

### अफसरों की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

शाहाबाद (हरदोई) मौके पर आईपीएस अधिकारी, क्षेत्राधिकारी स्तर के स्थानीय अफसर एएसपी आलोक राज नारायण ने प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण अधिकारी के तौर पर औपचारिकता निभाई। लेकिन सबसे बड़ा सवाल बनी एसडीएम शाहाबाद की चुप्पी क्योंकि उनके आवास की दूरी घटनास्थल से महज कुछ कदम की है, फिर भी वे तीसरे दिन की शाम तक मौके पर नहीं पहुंचे। यह न सिर्फ लापरवाही, बल्कि उनकी भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े कर रहा है।

### चाक-चौबंद सुरक्षा या डर का पहरा?

शाहाबाद (हरदोई) रविवार से मंगलवार तक विवादित स्थल पर पुलिस की भारी तैनाती है।

प्रशासन इसे सुरक्षा बता रहा है, लेकिन यह सुरक्षा ही आरोपियों के खौफनाक मंजर की बानगी है! इसीलिए अब उठ रहे हैं ये बड़े सवाल कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बाजार क्यों बंद है? क्या दुकानदारों पर दबाव है?

हमलावर दोबारा लौटे, यह किसकी विफलता है? एसडीएम मौके पर क्यों नहीं पहुंचे? क्या भूमाफिया और सत्ता के गठजोड़ ने सिस्टम को कमजोर कर दिया है?

कुल मिलाकर खामोश बाजार, बहुत कुछ बोल रहा है।शाहाबाद का यह बंद बाजार सिर्फ दुकानें नहीं, बल्कि व्यापारियों का टूटा भरोसा दिखा रहा है और व्यापार मंडल की डांवाडोल स्तिथि का नतीजा है! अगर पुलिस तैनात होने के बाद भी लोग दुकान खोलने से दुकानदार डर रहे हैं तो सवाल उठते हैं। और लोग कहते हैं कि यह सिर्फ कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी की कहानी है।

### 3 दिन में 3 मुकदमे दर्ज, चौथे की तैयारी

शाहाबाद (हरदोई) जमीन, पैसा और दबंगई के सत्ता से जुड़े तार, फिर भी एसपी हरदोई की शख्ती से सत्ताई नेताओं की पैरवी हो रही बेकार और पुलिस की तेज होती कार्रवाई बता रही है कि फिलहाल इस एक ग्रुप के संगठित भूमाफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है हालांकि फिर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या भूमाफिया जाहिर के साथ इलाके की अन्य संपत्तियों की खरीद फरोख्त में शामिल सफेदपोश भूमाफियाओं के विरुद्ध भी एफआईआर और कठोर कार्यवाही होगी कि नहीं? फिलहाल मंडी गेट कांड अब एक बड़ी आपराधिक श्रृंखला का रूप लेता दिख रहा है। तीन दिन के भीतर तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज होने से साफ है कि मामला सिर्फ एक घटना तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन कब्जा, पैसों के विवाद और धमकियों से जुड़ा है।

# वसई-विरार में मनपा को टैक्स वसूली 1034 करोड़ की चुनौती, अब तक 400 करोड़ की हो चुकी है वसूली

**अमन लेखनी समाचार**

विरार। वसईझविरार शहर महानगरपालिका की घरपट्टी (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े एक ओर जहां वर्तमान स्थिति का स्पष्ट चित्र पेश करते हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक तंत्र की मेहनत, जुझारूपन और प्रतिबद्धता की भी दमदार कहानी बयान करते हैं।विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जिस तरह अधिकारियों और कर्मचारियों ने जमीनी स्तर पर काम किया है, वह निश्चित रूप से सराहना के योग्य है और शहर के राजस्व तंत्र को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।महानगरपालिका द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 1034.74 करोड़ रुपये की वसूली के मुकाबले अब तक 393.80 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है, जबकि 640.94 करोड़ रुपये की राशि अब भी थकबाकी के रूप में लंबित है। कुल वसूली प्रतिशत 38.06% दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा भले ही अभी और सुधार की मांग करता हो, लेकिन जिस रफ्तार से वसूली अभियान आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी की पूरी संभावना जताई जा रही है।अगर प्रभागवार प्रदर्शन की बात करें तो ल - नवघर-माणिकपुर प्रभाग ने 68.70% वसूली के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए बाकी प्रभागों के लिए एक मिसाल कायम की है। इसके बाद अ- बोलींज (62.09%) और क - वसई गांव (56.63%) ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए यह दिखाया है कि सुनियोजित रणनीति और सतत प्रयासों से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इन क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर चलाए गए अभियान, जनसंपर्क और सक्रिय फील्डवर्क का सकारात्मक असर साफ तौर पर देखने को मिला है।वहीं कुछ प्रभागों में वसूली का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम जरूर रहा है, लेकिन वहां भी प्रयासों की गति थमी नहीं है। इ- विरार (पूर्व) में 30.23% वसूली दर्ज की गई है, जो फिलहाल सबसे कम है। इसके अलावा ऋ- पेल्हार (31.09%), ऊ - आचोले (34.66%), ए - नालासोपारा (पूर्व) (34.81%), उ- चंदनसार (39.77%) और ॠ - वालिव (38.86%) में भी वसूली का प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का फोकस इन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर वसूली को तेज करने पर है।इस पूरी प्रक्रिया का सबसे प्रेरणादायक पहलू यह है कि महानगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर चुनौती का डटकर सामना किया। बरसात के मौसम में जलभराव जैसी गंभीर समस्याएं, वार्ड पुनर्रचना की जटिल प्रक्रिया और महानगरपालिका चुनाव जैसी व्यस्तताओं के बावजूद टीम ने बिना रुके, बिना थके घर-घर जाकर वसूली अभियान को आगे बढ़ाया। यह न केवल उनकी कार्यनिष्ठा का प्रमाण है, बल्कि जनता के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भावना को भी दशार्ता है।प्रशासन ने वसूली को गति देने के लिए डिजिटल भुगतान प्ा्णाली, ऑनलाइन सुविधाएं, जनजागरूकता अभियान और सख्त वसूली कदमों का भी प्रभावी उपयोग किया है। नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व में वृद्धि हो सके। इन आधुनिक उपायों का असर भी धीरे-धीरे नजर आने लगा है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में वसूली प्रतिशत में तेज उछाल देखने को मिलेगा।इन सभी प्रयासों के बीच यह स्पष्ट रूप से सामने आता है कि जहां एक ओर अभी लंबित थकबाकी को कम करने की चुनौती मौजूद है, वहीं दूसरी ओर जिस समर्पण और योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है, वह भविष्य के लिए बेहद सकारात्मक संकेत देता है। यदि इसी तरह अभियान को निरंतर और सख्ती से आगे बढ़ाया गया, तो निश्चित रूप से वसूली का आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा और महानगरपालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, जिससे शहर के विकास कार्यों को नई गति और दिशा मिलेगी

# पीरियड लीव पर बहस तेज : सुविधा नहीं, महिलाओं का स्वास्थ्य और सम्मान का अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद नीति निर्माण पर चर्चा तेज विशेषज्ञों ने बताया यह आर्थिक नहीं, सामाजिक सोच का मुद्दा**

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को लेकर देशभर में बहस एक बार फिर तेज हो गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पीरियड लीव को अनिवार्य कर दिया गया, तो कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगी। कोर्ट ने इसे नीतिगत मामला बताते हुए फैसला सरकार पर छोड़ दिया। इसी संदर्भ में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय लखनऊ की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनामिका साहनी ने इस मुद्दे पर विस्तार से अपनी राय रखते हुए इसे ह्लसुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सम्मान का अधिकारह्व बताया है। डॉ. साहनी के अनुसार, दुनिया के कई देशों ने पीरियड लीव को अपनाकर इस डर को गलत साबित किया है। रस्र्र्ल्ल ने 2023 में पेड मेंस्ट्रुअल लीव को कानूनी मान्यता दी, जहां छुट्टी का खर्च सरकार वहन करती है, न कि कंपनी। वहीं खंस्र्ल्ल में 1947 से यह प्रावधान मौजूद है। इसके अलावा इंडोनेशिया और फिलीपींस में भी वर्षों से महिलाओं को पीरियड लीव का अधिकार दिया गया है। भारत में भी कुछ कंपनियों ने इस दिशा में पहल की है। ने 2020 में साल में 10 दिन की पीरियड लीव की घोषणा की थी। इसके बाद समेत कई कंपनियों ने महिला कर्मचारियों के लिए अनुकूल नीतियां अपनाईं। कर्नाटक सरकार ने भी कर्मचारियों के लिए मासिक अवकाश का प्रावधान किया है विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनियों का सबसे बड़ा डर उत्पादकता को लेकर होता है, जबकि शोध बताते हैं कि दर्द या अस्वस्थता में काम करने पर कर्मचारी की कार्यक्षमता 30% से अधिक घट जाती है। पीरियड के दौरान एक दिन का आराम न केवल स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि इससे कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन के साथ काम पर लौटती हैं। डॉ. साहनी ने कहा कि यह बहस नई नहीं है। जब टंईश्ल्ल३८ ईल्लीग्र३ अू३ के तहत मातृत्व अवकाश 12 हफ्तों से बढ़ाकर 26 हफ्ते किया गया था, तब भी यही आशंका जताई गई थी कि इससे महिलाओं की नौकरी के अवसर कम हो जाएंगे। लेकिन आज यही नीति कॉर्पोरेट सेक्टर में डायवर्सिटी का अहम हिस्सा बन चुकी है।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति कार व स्कूटी कुर्क

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे की रिपोर्ट के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई है अभियुक्त सुनील भारती पुत्र शिवमंगल, निवासी निमियाटाड़ बस्ती थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष द्वारा स्वयं एवं अपने सहयोगियों के माध्यम से अवैध हेरोइन का व्यापार करते हुए तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की गई जिसके विरुद्ध थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 78/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा बिना किसी वैध आय के स्रोत के आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से अपने एवं अपनी पत्नी के नाम से चार पहिया वाहन (स्विफ्ट डिजायर) संख्या वढ64इअ-9536 (मूल्यांकन लगभग 6,90,000/-) तथा स्कूटी संख्या वढ64इए-0459 (मूल्यांकन लगभग 90,000/-) क्रय की गई है उक्त तथ्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दोनों वाहनों को कुर्क/जब्त किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में 6 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी, बाइक व अवैध शस्त्र बरामद



**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सर्विलांस/एसओजी/स्वाट टीम एवं थाना टड़ियावां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मु0अ0सं0 154/26 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित 6 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अभियुक्तों के कब्जे से 24,100 रुपये नगद, दो अदद मोटरसाइकिल, 8 मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण तथा अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पकड़े गए सभी अभियुक्त संगठित रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे और काफी समय से पुलिस की निगरानी में थे। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीमों की सतर्कता और सक्रियता के चलते यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




## मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगमी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style


## तृषा

### अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुई थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



हॉलीवुड मसाला



## घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

लॉस एंजिल्स। 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेजड लाइफ में पली हो, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज दिए हैं।



## बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी। इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



## कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



## आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

टीवी मसाला



## दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

### दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।




## अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही



लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली हैं?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



## रामायणम: यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत में उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

### पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

## सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।